INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
दैनिक
# यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-423 | मथुरा, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### नगर क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयों का हाल-बेहाल

# कहीं शिक्षा मित्र स्कूल चलाती मिली तो कहीं डीएलएड प्रशिक्षु



नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 66 जगन्नाथ पुरी के श्रीकृष्ण प्राथमिक विद्यालय का जर्जर कक्ष।



डीग गेट स्थित गिर्राज मंदिर में एक ही कक्ष में चलता श्रीकृष्ण सम्मितिल प्राथमिक विद्यालय।

गिरधारी लाल श्रोत्रिय

**यूनिक समय, मथुरा।** जहां राज्य सरकार बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का कायाकल्प कराकर मॉडर्न स्कूल बनाकर निजी स्कूलों के स्तर का बनाने की पहल में जुटी है। वैसे एक अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र भी शुरू हो गया है। ऐसे में प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों का नगर क्षेत्र में क्या हाल है। उनमें निजी स्कूलों की तुलना में कैसी शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। इसको परखने के लिए यूनिक समय की टीम लगभग 10 सरकारी स्कूलों में पहुंची। सरकारी स्कूलों में मरम्मत के नाम पर बजट एक धेला भी नहीं मिला। कहीं सरकारी स्कूलों में कमरों की व्यवस्था नहीं है वहां एक ही कमरे में कक्षा पांच तक के बच्चे एक साथ पढ़ते मिले। कुछ स्कूलों में सांसद ने अपनी निधि से फर्शों पर टॉइल्स तो कुछ में नगर निगम और निजी संस्थाओं ने लगवाई हैं। सरकारी स्कूलों में सांसद निधि व नगर निगम के कुछ स्कूलों में फर्नीचर बच्चों को बैठने के लिए दे दिया है लेकिन अधिकांश में बच्चे टाट पट्टी पर बैठ रहे हैं। सरकारी स्कूलों में गर्मी के मौसम में पंखे जरूर चल रहे हैं। वहीं निजी स्कूलों में खेल सुविधाएं हैं लेकिन सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाओं का अभाव है। बच्चे कड़ाके की धूप में खुले में खेल रहे थे।

### मिशन कायाकल्प का असर भी ज्यादातर स्कूलों में नही दिखाई दिया

### नगर निगम व जीएलए विश्वविद्यालय ने लगवाई कक्षाओं में टाइल्स

### सांसद ने अपनी निधि से उपलब्ध कराए फर्नीचर

### निजी स्कूलों में जितनी कक्षाएं उतने टीचर थे उपलब्ध

### सरकारी स्कूलों में था खेल सुविधाओं का अभाव

जब यह संवाददाता सोमवार की पूर्वान्ह 11 बजे श्री कृष्ण प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुरी पहुंचा। तो एक शिक्षा मित्र और दो डीएलएड प्रशिक्षु मिले। तीन छात्राएं उस समय लंच करती हुई मिली। शिक्षा मित्र बबिता शर्मा ने बताया कि स्कूल की हालत खराब होने पर इसको जयसिंह पुरा में शिफ्ट कर दिया गया है। वहां कार्य चल रहा है। प्रधानाध्यापक प्रेमकिशोर शर्मा जयसिंह पुरा स्कूल में दरवाजे लगवाने के लिए गए हैं। उसने बताया कि विद्यालय में 34 छात्र पंजीकृत हैं। स्कूल शिफ्ट होने की वजह से इस बार नये नामांकन नहीं हो रहे हैं।

डीग गेट स्थित गिरिराज जी मंदिर प्रांगण में एक कमरे में सम्मिलित विद्यालय चलता हुआ मिला। इसमें पंखा तो चल रहे थे। लेकिन बच्चों और शिक्षकों के लिए शौचालय नहीं थे। मंदिर कमेटी अब इस कमरे को भी खलवा रही है। शिक्षिका पूजा ने बताया कि इस स्कूल को भी शिफ्ट किया जा रहा है। 27 पंजीकृत छात्रों की तुलना में 15 बच्चे उपस्थित मिले। यहां से नवीन कन्या राजकीय जूनियर हाईस्कूल के दो टीचर एक प्रधानाचार्य तैनात थी। प्रधानाचार्य नीलमा ने बताया कि स्कूल में दो कमरे हैं। इसके अलावा तीसरे कमरे में प्राथमिक विद्यालय चल रहा है। प्राथमिक विद्यालय में कक्ष बनाने की स्वीकृति बेसिक शिक्षा परिषद ने दी है। इसका शीघ्र निर्माण हो जाएगा। उन्होंने जूनियर हाईस्कूल के लिए डीआईओएस और बीएसए दोनों के माध्यम से बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए शासन से धनराशि मांगी गई लेकिन दो वर्ष से कोई धनराशि नहीं मिली है। पिछले वर्ष नगर निगम के नये बोर्ड ने स्कूल की कक्षाओं में टाइल्स जरूर लगावाई हैं। परमोत्तर जूनियर हाईस्कूल को एक शिक्षा मित्र रितु वर्मा चला रही थी। जिसमें 28 छात्र पंजीकृत थे उस समय 15 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। नारायण दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से आठवी शिक्षा यहां बच्चों को मिल रही थी। विद्यालय भवन बहुत अच्छा था। साफ सफाई ठीक थी। विद्यालय में रंगाई पुताई चल रही थी। यहां 200 छात्राएं पंजीकृत थी जिनको पढ़ाने के लिए छह शिक्षिकाएं नियुक्त हैं। उस समय विद्यालय में मिड डे मील के तहत रोटी दाल चावल अक्षय पात्र संस्था से बनकर आया था। यहां पढ़ाई का स्तर ठीक मिला। जब प्रधानाध्यापक जिआउलहक से पूछा गया कि बच्चों की संख्या बढ़ाने के क्या प्रयास किए हैं।

तो उन्होंने कहा कि उनके अलावा अन्य शिक्षकों ने आस पास के क्षेत्र में अभिभावकों से सम्पर्क करके अपने बच्चों को भेजने के लिए कहा लेकिन बहुत कम अभिभावक बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं। ज्यादातर के बच्चे निजी विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। उनकी सोच है कि पड़ोसी का बेटा उस स्कूल में पढ़ रहा है तो हम फ्री में क्यों पढाएं। महंगे निजी स्कूलों में पढ़ाने के लिए बच्चों को भेज रहे हैं। जबकि उन स्कूलों की तुलना में ज्यादा योग्य टीचर सरकारी स्कूलों में है।कोतवाली रोड़ स्थित सरोजनी नायडू प्राथमिक विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति 48और बाल मुकुंद प्राथमिक विद्यालय 78 में साफ-सफाई ठीक थी। नगर निगम के सफाई कर्मचारी सफाई करने नहीं पहुंच रहे थे। सरोजनी नायडू की प्रधानाचार्य मधु अग्रवाल ने बताया कि उसने अपने पास से एक निजी सफाई कर्मचारी को लगा रखा है। इसके लिए सरकार से कोई धनराशि नहीं मिलती है। यहां जीएलए विश्वविद्यालय और नगर निगम ने कक्षाओं में टाइल्स लगवाई हैं। बच्चों के लिए फर्नीचर जीएलए विश्वविद्यालय ने अच्छा उपलब्ध कराया है। यहां पर दो टीचर व एक शिक्षा मित्र है। जबकि बाल मुकुंद प्राथमिक विद्यालय में एक हैड व तीन शिक्षा मित्र हैं। डेम्पियर नगर स्थित नानक प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधानाचार्य स्मृति सक्सेना व एक शिक्षा मित्र और ऋषि संतान सम्मिलित विद्यालय में दो शिक्षा मित्र स्कूल को चला रहीं थी। इन दोनों स्कूलों के सहयोग परीक्षण के लिए एआरपी प्रीति भटनागर उस समय पहुंची हुई थी। यहां की रंगाई पुताई और सफाई सही मिली। शौचालय बने थे।

लेकिन फर्श पर टाइल्स नहीं थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि उनका विद्यालय कठौती कुआ पर चलता था उसके बाद ये लाल स्कूल में इस वर्ष ही शिफ्ट किया गया है। स्कूल के बच्चे बराबर के स्कूल में शिफ्ट कर दिए गए हैं। इस कारण यहां टाइल्स नहीं लग पाई थीं। यहां हवा के लिए कमरों में पंखे चल रहे थे।

## निजी स्कूलों में हैं खेल की सुविधाएं, पूरा स्टाफ



श्री श्रद्धानंद विद्या आश्रम कन्या विद्यालय राधानगर।

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर राधानगर स्थित श्री श्रद्धानंद विद्या आश्रम कन्या विद्यालय यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। यहां प्ले ग्रुप से दसवीं तक की कक्षा संचालित हो रही हैं। जहां प्ले ग्रुप के बच्चों के लिए मनोरंजन कक्ष बहुत सुंदर बना था। इसमें बच्चों को खेलने के लिए सभी सामान उपलब्ध थे। इसके अलावा बाहर झूले इत्यादि लगे हुए थे। इसके अलावा बेहतर अलग-अलग कक्षाएं थी। वहीं विद्यालय में घुसते रंगमंच था। विद्यालय में उस समय पढ़ाई चल रही थी। सभी कक्षाएं संचालित हो रहीं थी। प्रधानाचार्य शिवानी अरोरा ने बताया कि नवमी से हाईस्कूल की कक्षाओं को संचालित करने के लिए विद्यालय परिसर में अलग भवन बना दिया है। सरकार से कोई सहायता नहीं मिल रही है। यहां बच्चों से आठ सौ रुपये वार्षिक शुल्क लिया जाता है। इसके अलावा कृष्णा मांटेसरी, पीडी मॉर्डन स्कूल डेम्पियर नगर को भी देखा। जहां एक हजार रुपये तक प्रति माह फीस ली जा रही थी। सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं ॥क्स-

### सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब बच्चे

यूनिक समय, मथुरा। सरकारी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ रहे थे। सामान्य वर्ग का एक भी बच्चा नही था। वही पिछड़े वर्ग के गरीब बच्चे पढ़ रहे थे। जबकि निजी स्कूलों में सभी वर्ग के बच्चे पढ़ने आ रहे थे।

### सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूल के बच्चों का सामान्य ज्ञान सही था

# हिन्दी का ज्ञान दोनों तरह के स्कूलों में समान था

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** निजी व सरकारी विद्यालयों में दोनों के छात्र-छात्राओं में झिझक स्पष्ट दिख रही थी। निजी विद्यालय के बच्चे राष्ट्रपति का नाम भी नहीं बता सके तो कुछ तो जिले का नाम भी नहीं बता सके। वहीं सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में एक दो को छोड़ दिया जाए तो हिन्दी पढ़ने का स्तर ठीक था। अंग्रेजी में निजी स्कूलों के बच्चे सही मिले।

### अंग्रेजी में निजी विद्यालय के छात्र अच्छे थे


गिरिराज मंदिर में संचालित हो रहे सम्मिति विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ रहीं बच्ची सिदरा राम नहीं लिख सकी। वहीं कक्षा पांच की छात्रा फिजा अंग्रेजी में राम नहीं लिख सकी। राजकीय कन्या जूनियर हाईस्कूल की कक्षा चार की छात्रा डौली हिन्दी की किताब फुलवारी के पाठ तीन जब मैं पढ़ता था को पढ़कर दिखा दिया। नानक प्राथमिक विद्यालय की कक्षा पांच में पढ़ने वाली संध्या ने विमल बिंदु की विशाल किरण का पाठ पढ़कर सुनाया। वहीं नानक प्राथमिक विद्यालय की कक्षा तीन की छात्रा परी को हिंदी लिखने का ज्ञान सहीं था। वहीं निजी विद्यालय श्रद्धानंद विद्या आश्रम कन्या विद्यालय के कथा छह के छात्र युगल जिले का नाम नहीं बता सका। इसकी कक्षा के छात्र पुष्पेन्द्र ने उत्तर सहीं दिया। लेकिन उसने राष्ट्रपति का नाम नरेन्द्र मोदी बताया। जबकि इस विद्यालय की नारायणी ने राजस्थान की राजधानी जयपुर सही बताया।





## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमरै हनुमत बलवीरा



डीग गेट स्थित स्टेट हनुमान मंदिर में दर्शन।



जीआईसी कॉलेज के पीछे सप्त नगर ध्रुव टीला स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के दर्शन करते श्रद्धालु।



डेंपियर नगर स्थित चंपा अग्रवाल बाल मंदिर में पाठ्य सामग्री के साथ बच्चे।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रभु श्रीराम के सेवक हनुमान महाराज के जन्मोत्सव पर कान्हा की नगरी में स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात्रि तक उमड़ती रही। डीग गेट स्थित स्टेट हनुमान मंदिर, चक्र तीर्थ घाट हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भोग लगाया।

शहर के मध्य शीतलाघाटी क्षेत्र स्थित बाल हनुमान मंदिर में गोविंद शर्मा ने श्रीहनुमंत लाल का पंचामृत महाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य किया। सायं बेला में छप्पन भोग मनोरथ एवं फूल

### विद्युत की रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हुए मंदिर

बंगले में विराजमान होकर बाल हनुमान ने भक्तों को दर्शन दिये। कलाकारों ने भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति दी। रात्रि 10 बजे 108 दीपों की महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ। इस उत्सव में आशू गिलट वाले, श्रीकांत पाठक, प्रेमकांत पाठक एडवोकेट, अमित भारद्वाज, गणेश प्रसाद अग्रवाल बजाज, मुकेश शास्त्री आदि उपस्थित थे। वृंदावन में लुटेरिया हनुमान, अक्रूर मंदिर स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर, नीब करौरी आश्रम स्थित हनुमान मंदिर, सिंह पौर हनुमान मंदिर समेत छोटे-बड़े मंदिरों में दर्शन करने वालों की भीड़ रही।

लायंस क्लब ऑफ मथुरा डिवाइन की ओर से हनुमान जयंती पर चंपा अग्रवाल बाल मंदिर डैंपियर नगर में बच्चो को पढ़ने के लिए निःशुल्क पाठन सामग्री व खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष मनीष शोरावाला, मंडल चेयरपर्सन गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ललित मोहन मित्तल, सचिव खुशबू अग्रवाल, विद्यालय के प्रबंधक संजय अग्रवाल, नवीन आदि उपस्थित थे। सुंदर काण्ड का पाठ किया। विद्यालय की संचालिका पूजा सैनी ने प्रभु श्री हनुमान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक संजय अग्रवाल ने सभी का आभार जताया।





## श्रीहनुमान जी महाराज का प्रभाव चारों युगों में

**यूनिक समय, वृंदावन।** ब्राह्मण महिला सभा के बैनर तले श्री श्रीनाथ जी सेवा संस्थान के सौजन्य से महिलाओं ने श्री हनुमान जी के प्राकट्योत्सव पर श्रीनाथ धाम में हनुमान महाराज के सामने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।

सभा की अध्यक्ष श्रीमती मीरा शास्त्री ने कहा कि श्रीहनुमान जी महाराज का प्रभाव केवल कलियुग में ही नहीं अपितु चारों युगों में है। सचिव श्रीमती साधना शर्मा ने कहा कि हनुमत आराधन कभी व्यर्थ नहीं जाती।

कोषाध्यक्ष श्रीमती कमल गोस्वामी ने कहा कि हनुमान जी का पूरा राम परिकर एवं संसार ऋणी है।

इस अवसर पर श्रीमती प्रभा, मीरा, गोपी, पिंकी, नीरजा शर्मा, अंजली, राज, सरोज, कमल गोस्वामी, लक्ष्मी रिणवा, विभा शुक्ला, किशोरी पाठक, कृष्णा शास्त्री, उमा टेंटीवाल एवं प्रतिभा वल्लभ उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवा संस्थान प्रतिनिधि श्रीमती सुदेवी शर्मा ने सभी का स्वागत किया।




## हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सामूहिक पाठ

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्रीमद्भागवत शोध संस्थान के तत्वावधान में श्रीहनुमान जी के जन्मोत्सव पर 108 सुंदरकांड, 108 हनुमान चालीसा एवं 108 हनुमान अष्टक का सामूहिक पाठ किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र नाथ शास्त्री ने कहा कि कुमति निवारक एवं सुमति के संगी देव है। उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि श्रीहनुमान जी के समस्त कार्य लोक कल्याणकारक हैं। भागवत प्रवक्ता डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि श्रीहनुमान जी का समस्त राम परिकर और त्रिलोकी ऋणी है। ऐसा सेवक भी धन्य है। इस अवसर पर पद्मनाभ शास्त्री, पीयूष शर्मा, श्रीकांत त्रिपाठी, विनय पाठक, विपिन दीक्षित, सूरज गौतम, शिवा तिवारी एवं मुकेश शर्मा (पुजारी जी) आदि उपस्थित थे।

# हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा मिलती है

### 551 बेटियों ने सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया



संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का पाठ करती सैनिक वेश में बेटियां।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** वात्सल्य ग्राम स्थित संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। 551 बेटियों ने सैनिक वेश में सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया। वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि महाबली हनुमान को संकट मोचन कहा जाता है। आज मंगलवार है और हनुमान जी का जन्मदिन भी है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के जीवन से हमें त्याग, तपस्या, निष्ठा, ब्रह्मचर्य और स्वामी भक्ति की प्रेरणा मिलती है। मुख्य अतिथि डीआईओएस भास्कर शर्मा थे। इस अवसर पर संविद के अध्यक्ष संजय गुप्ता, शिक्षा निदेशक सुमन लता, नूतन चंद्रा, प्रधानाचार्या कल्याणी दीक्षित, महेश गर्ग, प्रमोद गर्ग कसेरे, महेश खंडेलवाल, स्वामी सत्यशील, निरंजन शर्मा, कुलभूषण

### हनुमान जन्मोत्सव पर हवन-पूजन, मांगी संकटों से मुक्ति

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजन और हवन हुए। इसके साथ ही भक्तों ने घरों में भी सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमान जी की पूजा कर विपदाओं से लड़ने और सभी संकट दूर करने की कामना की। तांगडा मौहल्ला गोमती सरोवर स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह हनुमान जी का पुष्प आदि से श्रृंगार किया गया। मंदिर महंत पंडित कृष्ण मुरारी भारद्वाज ने सभी को बालाजी महाराज का प्रसाद वितरित किया।



### प्राइवेट चिकित्सकों ने बदल दी अपनी कार्यशैली

# मरीज के सात दिन के पर्चे का समय कर दिया तीन दिन

अफजल अहमद

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वास्थ्य सेवाओं में आज के समय में जिस तेजी से परिर्वतन हो रहा है। उससे समाज के हर व्यक्ति का प्रभावित होना निश्चित है। चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सक भी इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने जहां अपनी फीस महंगी कर दी है। वहीं मरीज को परामर्श देने का समय भी कम कर दिया है। हालांकि सरकारी अस्पतालों की सेवाओं में भले ही इस मामले में कोई परिर्वतन नहीं आया है।

आज के समय में स्वास्थ्य को लेकर जहां हर व्यक्ति परेशान नजर आता है। मनुष्य में नई–नई बीमारियां पनप रही है। इसका फायदा निजी चिकित्सकों द्वारा खूब उठाया जा रहा है। पहले चिकित्सक एक मरीज को एक सप्ताह तक देखने के लिए उसका पर्चा बनाकर दवाएं लिखता था। इस दौरान अगर उसे कोई लाभ न होता तो वह चिकित्सक के पास जाकर उसे दिखाता था। इसके लिए चिकित्सक उससे कोई फीस नहीं लेता था। लेकिन इसके बाद चिकित्सकों ने देखने की इस अवधि को घटाकर पांच दिन कर दिया। पांच दिन बीतने के बाद मरीज से दोबारा फीस लेने लगे। मरीजों की बढ़ती संख्या को देख कर चिकित्सकों ने अब पांच दिन की अवधि को घटा कर तीन दिन कर दिया। यानि कि अगर आप तीन दिन बाद चिकित्सक को दिखाने के लिए जाएंगे तो वह बिना फीस लिए आपको नहीं देखेगा। चिकित्सकों ने जहां मरीजों को देखने की समय अवधि कम कर दी। उसी तरह पहले प्राइवेट चिकित्सकों की फीस 100 रुपये से लेकर 200 रुपये हुआ करती थी, लेकिन अब इस फीस को बढ़ा कर पांच सौ रुपये से लेकर छह सौ रुपये तक कर दिया है हीं इसके विपरीत जिला अस्पताल में एक रुपये का पर्चा पहले भी बनता था। अब भी उसकी फीस उतनी ही है। साथ ही एक रुपये के पर्चे पर मरीज को 15 दिन की दवा और परामर्श दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में



### परामर्श फीस को भी कर दिया कई गुना ज्यादा

जहां बेहतर इलाज इतना सस्ता मिल रहा है वहीं प्राइवेट चिकित्सकों के यहां इतनी महंगी फीस के साथ–साथ दवाएं और टेस्ट भी कराए जा रहे हैं।

## एक रुपये के पर्चे पर मिलती हैं 15 दिन की मरीज को दवाएं

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला अस्पताल में दिखाने के लिए आए एक मरीज का कहना है कि लोगों को अस्पताल में मिलने वाली दवाओं पर भरोसा नहीं होता है। इसी वजह से मरीज महंगे डॉक्टरों के पास दौड़ते हैं। मगर जब पैसा समाप्त हो जाता है तो फिर जिला अस्पताल की शरण में आते हैं। अस्पताल में भीड़ होने के कारण समय अधिक लगता है। इसके साथ ही एक डॉक्टर को 100 से लेकर 150 मरीजों को देखना होता जिसके चलते चिकित्सक मरीज को संतुष्ट नहीं कर पाता है।

### चिकित्सक मरीज को नहीं कर पाता है संतुष्ट

### लंबी लाइन के कारण भी लोग रहते हैं परेशान

### सरकारी अस्पताल में नही बदली पर्चा बनाने की फीस

यह भी एक मजबूरी है जिसके चलते मरीज को प्राइवेट चिकित्सकों के यहां जाना पड़ता है।

चुनाव में मतदान अवश्य करें।



Narayan Das Agrawal
Chancellor

अपना कर्तव्य पूरा करो वोट डालो फिर कुछ करो

GLA UNIVERSITY MATHURA
Recognised by UGC Under Section 2(f)
Accredited with A+ Grade by NAAC
12-B Status from UGC
26 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE

Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Email us at : admission@gla.ac.in
+91-9027068068 www.gla.ac.in

## "बोलती तस्वीर"

### हादसे की चिंता नहीं.....



गोवर्धन चौराहे के पास एक गाड़ी में शादी का सामान लेते लोग। गाड़ी में जगह भी नहीं है तो बाहर लटक कर जाते हुए। यदि हादसा हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा। रास्ते में कहीं भी पुलिस ने भी टौका टाकी नही की।

छाया–प्रदीप कांत मिश्रा।

## पुलिस ने पकड़े तीन चोर, बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन कोतवाली पुलिस ने कैलाश नगर तिराहे पर चेकिंग के दौरान शातिर तीन बाइक चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही, उप निरीक्षक रणजीत सिंह पुलिस के साथ कैलाश नगर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वहां से बाइक पर गुजरते तीन युवकों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर उन्होंने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बाइक सवारों को पकड़ लिया। बाइक के कागजात मांगने पर तीनों कोई कागजात नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो पता लगा कि बाइक चोरी की है। तीनों युवक बाइक चोरी करते हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में सचिन निवासी अंधपुरा बेदई थाना सादाबाद हाथरस, नरेश कुमार व भावेश निवासी गांव मागरू थाना सादाबाद हाथरस हैं।

## मीट की दुकान आज फिर गुलजार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कल तक पुलिस प्रशासन जहां लाइसेंस न होने की बात कहकर शहर के मोहल्ला निकासा में अधिकतर मीट की दुकानें बंद करा दी गई, लेकिन आज उनका फैसला कुछ अलग ही दिखा। मीट की दुकानें गुलजार दिखी और खूब खरीद फरोख्त भी हुई। दरअसल हुआ यूं कि सोमवार को कस्बा चौकी प्रभारी ने नियमों का हवाला देते हुए शहर के मोहल्ला निकासा में संचालित मीट की दुकानों को बंद करा दिया था। साथ ही बताया था कि किसी के भी पास मीट की दुकानों का लाइसेंस नहीं है। बिना लाइसेंस के दुकानें नही खुलने दी जाएगी। लेकिन मंगलवार को अधिकतर वही दुकानें खुलती नजर आई जिनके पास पुलिस ने लाइसेंस न होने की बात कहकर बंद कराया था। इस पूरे मांजरे को देखकर लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना था कि अब पुलिस प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर इसकी सच्चाई क्या है।




KD SUPER SPECIALITY HOSPITAL
HOSPITAL & RESEARCH CENTER
सबसे अच्छा, सबसे सस्ता

ओ.पी.डी. फ्री
प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक

उच्च प्रशिक्षित डॉक्टरो द्वारा सम्पूर्ण रोगों का इलाज

* हृदय रोग विभाग
* जनरल मेडीसिन
* न्यूरो फिजिशियन
* नेफ्रोलॉजी विभाग
* जनरल सर्जरी
* न्यूरो सर्जरी, यूरो सर्जरी
* कार्डियोथोरेसिक एण्ड वैस्कुलर सर्जरी
* गेस्ट्रोसर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलजी
* डेंटल, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
* हड्डीरोग विभाग
* गर्भावस्था, प्रसव, यौन स्वास्थ्य
* टीबी (क्षयरोग)
* बाल एवं नवजात शिशु चिकित्सा सर्जरी
* नेत्र रोग
* चर्म रोग
* मानसिक रोग
* नाक, कान, गला रोग

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
हेल्थ इंश्योरेन्स से कैशलेस ईलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे



अकबरपुर, छाता, मथुरा | हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

## लोकसभा चुनाव के लिए मथुरा जिले को बांटा 35 सेक्टर व 224 जोन में

# 2128 बूथों पर 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1929549 मतदाता


राजकीय मंडी समिति के छाता विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम व वीपी पैट को रखा जाएगा।


राजकीय मंडी समिति परिसर में लगाए गए बैरियर।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा संसदीय सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसकी पूरी तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली हैं। पूरे जनपद को 35 जोन एवं 224 सेक्टरों में बांटा गया है। पोलिंग पार्टियां 25 अप्रैल को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होगी। बुधवार की सायं पांच बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को प्रातः सात बजे से सायं छह बजे तक जिले के 19 लाख 29 हजार 549 मतदाता 15 प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 10 लाख 33 हजार 370 पुरूष, 8 लाख 97 हजार 114 महिला, और 65 थर्ड जेंडर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता मथुरा विधानसभा क्षेत्र में 4 लाख 71 हजार 938 मतदाता है जिनमें 2 लाख 53 हजार 563 पुरुष, 2 लाख 18 हजार 342 महिला और 33 थर्ड जेंडर हैं। सबसे कम गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 42 हजार 502 मतदाता हैं जिनमें 1 लाख 84 हजार 294 पुरूष, 1 लाख 58 हजार 286 महिला और

### चुनाव प्रचार कल शाम को होगा बंद

### 26 अप्रैल को होगा मतदान, 25 अप्रैल को रवाना होंगी पोलिंग पार्टी

12 थर्ड जेंडर है। छाता विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 74 हजार 626 मतदाता हैं, जिनमें 2 लाख 698 पुरुष मतदाता, 1लाख 73 हजार 923 महिला और 5 थर्ड जेंडर मतदाता है। मांट विधान सभा क्षेत्र में 3 लाख 53 हजार 356 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 87 हजार 894 पुरूष, 1 लाख 65 हजार 453 महिला मतदाता और 9 थर्ड जेंडर हैं। बल्देव विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 87 हजार 127 मतदाता हैं, जिनमें 2 लाख 5 हजार 951 पुरूष, 1 लाख 81 हजार 170 महिला मतदाता और 6 थर्ड जेंडर हैं।

इस बार जनपद में 1103 मतदान केन्द्रों पर 2128 बूथों बनाये गए हैं। प्रत्येक बूथ पर सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं।


जिसके माध्यम से चुनाव आयोग भी निगरानी रखेगा साथ ही जिला प्रशासन से लेकर राज्य स्तर के अधिकारी भी देख सकेंगे कि मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है या नहीं। जिले में 9580 सर्विस वोटर हैं। जिले की चुनाव गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 45 एफएसटी, 45 एसएसटी, पांच लेखा टीम, पांच वीडियो निगरानी टीम, पांच वीडियो अवलोकन टीम तथा पांच सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्ति किए गए हैं।

दूसरी तरफ मंडी समिति से पोलिंग पार्टियों की पोलिंग केन्द्रों के लिए रवानगी 25 अप्रैल को होगी। मंडी समिति में मतदान के बाद ईवीएम मशीन जमा होगी। इनको जमा करने के मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां उनको त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में डबल लॉक में रखा जाएगा। इसके लिए स्ट्रांग रूम के आस पास बैरीकेडिंग की गई है। ताकि बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति वहां प्रवेश नहीं कर सकेगा।

KRIDHA GOLD
House of Unique Jewellery
HUID
6 - Digit Hallmark
22KT Verified. Gold
Rate→9557807485
Outside Holigate, Mathura
# HUID hai toh Sona hai

## द्वितीय प्रशिक्षण के अनुपस्थितों को प्रशिक्षण का कल एक और मौका

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक मनीष मीना के मुताबिक लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत जनपद में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाना है। जिसके लिए समस्त कार्मिकों को प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। अतिरिक्त द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों को 21 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त करने का अतिरिक्त अवसर भी दिया जा चुका है। परन्तु कुछ कार्मिक अभी भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये हैं, जिनको अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए 24 अप्रैल को नन्दभवन सभागार, वेटेनरी कॉलेज कैम्पस में प्रदान किया जायेगा। साथ ही जो कार्मिक पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं एवं उनको प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अभी भी कोई शंका है, तो वह भी उस दिन उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त अवधि को भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये जाने पर अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व की धारा 1951 के तहत एफआईआर कराते हुऐ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

BSA College of Engineering & Technology, Mathura
Estd. 1997
AKTU CODE: 065
BTEUP CODE: 1634
CELLEBRATING 27 YEARS OF EXCELLENCE
Approved by AICTE and Affiliated to AKTU & BTEUP, Lucknow
ASM Polytechnic, Mathura
Estd.:2017
BTE CODE 1695
A Unit of B.S.A. College of Engineering & Technology, Mathura
Approved by AICTE & Affiliated to BTE, Lucknow
BSA College of Engineering & Technology, Mathura
(Faculty of Pharmacy)
Estd. 2019
AKTU CODE 1182
BTE CODE 1227
Approved by PCI and Affiliated to AKTU & BTE, Lucknow
Established & Governed by: Shri Agrawal Shiksha Mandal (Regd.) Mathura (100 Yr Old Educational Trust)
"प्रत्येक वोट लोकतंत्र की पहचान सब मिलकर करें मतदान"
भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

Uma Shankar Agrawal, Advocate
Chairman
सदस्यगण : गवर्निंग बोर्ड
• इं. नितिन मित्तल
वाइस चेयरमैन
• श्री प्रमोद कुमार गर्ग कसेरे
• इं. उमेश गोयल
• श्री विशाल बंसल
• श्री महेश चन्द अग्रवाल
• श्री हिरनमय अग्रवाल
• इं. अद्युत गोयल
• इं. रोहित अग्रवाल चौकसी
• श्री माधव शरण अग्रवाला (एड.)
अध्यक्ष-श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल, (रजि.) मथुरा
• श्री किशोर कुमार अग्रवाल (कोयला वाले)
सचिव-श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल, (रजि.) मथुरा
• श्री प्रदीप अग्रवाल
पूर्व चैयरमैन बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजी. एण्ड टैक्नॉलाजी
• इं. मट्टोमल अग्रवाल
पूर्व चैयरमैन बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजी. एण्ड टैक्नॉलाजी
• श्री अमित अग्रवाल (नौमिनी मैम्बर)
श्री बाबू शिवनाथ अग्रवाल ट्रस्ट, मुम्बई
• डॉ. अरुण अग्रवाल (नौमिनी मैम्बर)
श्री बाबू शिवनाथ अग्रवाल ट्रस्ट, मुम्बई
B.TECH | MBA | MCA | B PHARM
D PHARM & POLYTECHNIC DIPLOMA IN ENGG.
www.bsacet.org | info@bsacet.org | 9105337818
www.asmp.ac.in | info@asmp.ac.in | 7455087194
Near New Bus Stand, Mathura

## मतदान कर्मियों को मिलेगा अक्षय पात्र से बना लंच पैकेट

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक मनीष मीना ने बताया कि 26 अप्रैल को जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत मतदान कराया जाना है। मतदान दिवस पर मतदान में लगे पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी को जिला प्रशासन द्वारा एन.जी.ओ. अक्षय पात्र से तैयार कराकर निःशुल्क लंच पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें 07 पूड़ी, 1 सब्जी, अचार व 1 मिठाई का पीस होगा। मतदान में लगे कार्मिकों को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 01:00 बजे तक अपने-अपने बूथ पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## प्लेटफार्म संख्या आठ पर मिला अज्ञात शव

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार राजकीय रेलवे पुलिस को प्लेट फॉर्म संख्या आठ पर सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति (40) का शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस उसके बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## आज फिर सोने के कुंडल ले गए बंदर

### महिला श्रद्धालु बोली.. जहर देकर मार दो

### चर्चा.. किसी ने बंदरो को ट्रेंड कर रखा है


कान से कुंडल ले जाने के बाद रुमाल से खून रोकती महिला श्रद्धालु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** बंदरों का कुंडल और टॉप्स झपट्टे के साथ खींचने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को अष्टसखी चौक वीआईपी मार्ग पर बंदरों ने दो तीन महिला श्रद्धालुओं को अपना निशाना बनाया। कान से कुंडल और टॉप्स झटके के साथ तोड़कर भागने के बाद कानों से निकल रहे खून को देखकर अब एक महिला ने तेवर देखने लायक थे। उसने कहा कि ऐसे बंदरों को जहर दे देना चाहिए। गौरतलब है वीआईपी मार्ग पर अष्टसखी चौक पर बंदरों की टोली रोजाना किसी न किसी महिला के कान पर झपट्टा मारती है और झटके के साथ कान से कुंडल और टॉप्स तोड़कर भाग जाती है। सोने की कीमत वैसे ही आजकर करीब 75 हजार प्रति ग्राम चल रही है। इतनी तेजी के बीच बंदरों की टोली अब किसी का कुंडल और टाप्स ले जाए तो उसके दिल पर क्या बीतेगी। लोगों में चर्चा हो रही है कि किसी ने बंदरों की टोली को ट्रेंड कर दिया है। इसलिए बंदर अष्टसखी चौक पर सोने के कुंडल और टॉप्स पहन कर चलने वाली महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं।

## वार्ष्णेय महिला संगठन ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**यूनिक समय, वृंदावन।** वार्ष्णेय महिला संगठन के बैनर तले हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में हेमलता, मनीषा, गरिमा, बबली, नमिता एवं पूनम आदि ने भाग लिया।

### प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक और कदम

# जिले में 35.10 लाख पौधे लगेंगे

सिटी रिपोर्टर



**यूनिक समय, मथुरा।** शासन के वन विभाग समेत 26 विभाग की ओर से जनपद में आये दिन बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने के लिए जुलाई–अगस्त माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इससे पूरे जनपद में हरियाली दिखाई देगी। वन विभाग 4.90 लाख और शासन के 26 अन्य विभाग 30. 40 लाख वृक्षारोपण करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार अगस्त माह तक 35. 10 लाख पौधों का वृक्षारोपण किया जायेगा। इसमें पापड़ी, आंवला, कदम, अमरूद, कनेर, सीसम, नीम, सेहजन, कंजी

### वृक्षारोपण 27 विभागों की ओर से किया जायेगा

आदि प्रजापजियों व छाया दार पौधे व खुशबू वाले पौधे और फल देने वाले पौधों को लगाया जाएगा। डीएफओ रजनी कांत मित्तल ने बताया कि जनपद को हरा भरा करने के लिए लगाए जाने वाले पौधों की समय–समय पर देखभाल भी करायी जाती है। श्रीकृष्ण की नगरी में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी हरे भरे पेड़ों के बीच बैठ सकें। पर्यावरण से छुटकारा पाने के लिए शासन द्वारा समय–समय पर स्कूली बच्चों द्वारा लोगों को पर्यावरण से छुटकारा पाने के लिए जागरूक भी किया जाता है। समाज के लोगों को संकल्प भी दिलवाया जाता है। श्री मित्तल ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण से नई–नई बीमारियां पैदा होती है।

# जान लेवा हमला करने पर दो अभियुक्तों को तीन–तीन साल की कैद

कार्यालय संवाददाता

### 13 हजार रूपये का लगाया अर्थदंड

**यूनिक समय,मथुरा।** जिला सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग ने बरसाना थाना क्षेत्र में हुए एक झगड़े में दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला करने वाले दो अभियुक्तों को तीन–तीन साल की कैद और 13 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह ने बताया कि थाना बरसाना के गांव देवपुरा में 11 जुलाई 2018 को दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे ओमप्रकाश का बेटा गौरव अपने घर के बाहर चबूतरे पर लेटा हुआ था। इसी दौरान गांव के रवि ने वहां आकर उससे गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इस पर राधे, भूषण, चंदन भी लाठी फर्सों से लैस होकर घर में घुस गए और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर ओमप्रकाश का दूसरा बेटा विष्णु भी वहां आ गया। हमलावरों ने मारपीट कर गौरव और विष्णु को घायल कर दिया। इस मामले में रवि, राधे भूषण व चंदन के खिलाफ मुकदमा थाना बरसाना में दर्ज कराया गया। बाद में मेडिक्ल रिपोर्ट आने पर इसे धारा 308 में तरमीम कर दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने इस मामले में राधे भूषण उर्फ बृज मोहन को दोषी ठहराते हुए उक्त सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही अर्थदंड की धन राशि जमा होने पर आधी धनराशि गौरव व विष्णु को बराबर बराबर दी जाएगी।

# महिला ने फांसी लगाकर जान गंवाई

### पति से कई साल से चल रहा था विवाद

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना हाईवे की निधिवन कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने पति से चल रहे विवाद के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मूल रूप से नवादा की रहने वाली महिला ललितेश का पति के साथ कई वर्षों से विवाद चल रहा था। इसके चलते वह सलेमपुर के समीप निधिवन कॉलोनी में रह रही थी। पति से चल रहे विवाद के कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थी। बताया गया कि उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। पुलिस को भी इस बारे में बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# शराब ले जाते तीन गिरफ्तार

### 100 पव्वा और 55 लीटर शराब बरामद

**यूनिक समय,मथुरा।** वृंदावन कोतवाली पुलिस ने शराब की तस्करी और बिक्री करने वाले तीन लोगों को अलग–अलग स्थानों से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी शराब के 100 पव्वा और 55 लीटर देशी शराब बरामद की है। बांके बिहारी पुलिस चौकी प्रभारी शिव कुमार शर्मा पुलिस के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि किशोरपुरा बाल्मीक बस्ती में शराब की बिक्री हो रही है। इस सूचना पर पुलिस ने किशोरपुरा के गांधीनगर इलाके में रहने वाले किशन गोपाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 पव्वा देशी शराब बरामद की है।

इसी तरह रंगजी मंदिर पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार ने देवराह बाबा आश्रम को जाने वाले मार्ग से पानी घाट के समीप दुर्गापुर निवासी उत्तम मंडल व पानी घाट निवासी भोलू सिंह को गिरफ्तार किया है। उनके पास एक प्लास्टिक की कट्टी में 55 लीटर देशी शराब बरामद हुई। इस शराब को ये लोग टेट्रा पाउचों में भरकर बिक्री करने वाले थे।

# जीआरपी एवं आरपीएफ ने पकड़ी 24 अंग्रेजी शराब की बोतल

**यूनिक समय,मथुरा।** जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करके एक व्यक्ति को 24 बोतल हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर आगरा एंड की ओर से पानी की टंकी के समीप से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त हसन अली निवासी ग्राम करचला पोस्ट लहरपुर था।

# मोबाइल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने बांके बिहारी मंदिर से श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी के चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस को इस बारे में सूचना मिली कि मंदिर से श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करने वाले दो युवक चोरी के मोबाइलों को बिक्री करने के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने इस सूचना के आधार पर दबिश देकर सरीफाबाद गाजियाबाद निवासी सोनू व मौजपुर जाफराबाद नई दिल्ली निवासी गौरव को गिरफ्तार कर उनसे चोरी के चार मोबाइल बरामद किए हैं।


## तृतीय पुण्यतिथि



स्वः श्री कामता प्रसाद अग्रवाल
स्वर्गवास- 24.04.2021

सम्मुख नहीं आप हमारे, हृदय में आपका वास है।
मुस्कुराता हुआ चेहरा आपका, हमारी खुशियों की आस है।
प्रेम पाया जो आपसे, वो खुशी बनकर हमारे पास है।

आज आपकी तृतीय पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन एवं मित्रगण आपको हार्दिक श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।

-:श्रद्धानवत्:-

डॉ. प्रेम प्रकाश-अभिलाषा (भाई-भाभी) रेखा-अशोक बंसल (पुत्री-दामाद) सत्यप्रकाश एड.-उषा देवी, रवि-मधु, अनिल-अनिता (पुत्र-पुत्रवधु) अंकित-श्वेता, सुमित, विवेक-निरमा, राहुल-शिवानी (पौत्र-पौत्रवधु) रिचा-कन्हैया, किरन-पंकज (पौत्री-पौत्रीदामाद) एवं समस्त गोयल परिवार एवं मित्रगण

फर्मः होटल ओमेगा, ईदगाह, आगरा । 9457771711, 9119039313


# दहेज हत्या में सास की जमानत हुई खारिज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग ने दहेज के खातिर एक महिला की मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को जलाने के मामले मृतका की सास द्वारा दी गई जमानत की अर्जी को खारिज कर दिया।

शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह ने बताया कि थाना छाता क्षेत्र के रहने वाले छत्रपाल सिंह की भतीजी प्रति पत्नी लालाराम को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के बाद उसकी 1 दिसंबर 2023 को ससुराल में हत्या कर दी गई। इसके बाद सबूत नष्ट करने के उद्देश्य से उसके शव को जला दिया गया। इस मामले में छत्रपाल ने कोतवाली छाता में मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रति की सास श्रीमती बसंती देवी की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा जमानत के लिए प्रार्थना पत्र सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग के न्यायालय में दिया गया। प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने श्रीमती बसंती देवी के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

# सरे बाजार छेड़छाड़, महिलाओं ने की मजामत

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भरे बाजार एक शोहदे को खरीददारी करने आई महिलाओं से छेड़छाड़ करना भारी पड़ गया। गुस्साई महिलाओं ने उसकी मजामत कर डाली। शोहदे ने एक दुकान में शरण लेकर जैसे तैसे अपनी जान बचाई। दरअसल हुआ यूं कि कुछ महिलाएं देहात से बाजार में खरीददारी करने आई थी। जब वे शहर के पंजाबी बाजार में पहुंची तभी उनके पीछे चल रहे एक शोहदे ने उनसे छेड़छाड़ कर दी। कई बार नजरअंदाज करने के बावजूद उसकी हरकतें नहीं रुकी तो महिलाओं ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया। जिसके बाद में महिलाओं ने शोहदे की धुनाई शुरू कर दी। सुबह दस बजे हुई इस घटना में आरोपी शोहदे ने एक दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। लोगों ने जैसे तैसे महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया और गंतव्य के लिए भेजा। जिसके बाद आरोपी युवक दुकान से निकलकर भाग गया। यह घटना पूरे दिन लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

# युवती को ब्लैकमेल करने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**यूनिक समय,मथुरा।** वृंदावन के गोपीनाथ बाजार में रहने वाली एक युवती ने ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान आई एक अज्ञात लड़के की रिक्वेस्ट के बाद उसके द्वारा परेशान करने के साथ–साथ उसकी फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील कमेंट्स किए जाने आदि के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया गया कि युवती ऑन लाइन गेम खेल रही थी। इसी बीच एक अज्ञात युवक की रिक्वेस्ट आई। इसके बाद से लड़के ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उस लड़के ने युवती की फोटो लेकर अपनी प्रोफाइल पर लगा ली और उस पर भद्दे–भद्दे कमेंट्स किए। इसके बाद फेसबुक पर युवती के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उस पर भी लड़की की फोटो डाल दी। लड़की ने इस बारे में फेसबुक प्रबंधन से शिकायत की तो इस पर युवक उसकी फोटो को अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेलिंग करने लगा। साइबर सेल से भी युवती ने शिकायत की तो इस बात का पता लगा कि परेशान करने वाला युवक मनीष निवासी कुकारा हाथरस का रहने वाला है। युवती ने इस बारे में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।






# दवा कम्पनी का भ्रमण कर लौटे फार्मेसी के विद्यार्थी

शिक्षा संवाददाता

यूनिक समय, मथुरा। शिक्षा में शैक्षिक भ्रमण का विशेष महत्व है। जो बातें छात्र–छात्राएं किताबों में पढ़कर नहीं समझ पाते, उसे वे शैक्षिक भ्रमण में आसानी से सीख जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के शैक्षिक संस्थान राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं को एसोसिएट प्रो. आर.के. चौधरी एवं असिस्टेंट प्रो. पवन पांडेय (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रमुख) के नेतृत्व में कोसीकलां स्थित दवा निर्माता कम्पनी एवरटच हेल्थ केयर ले जाया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में छात्र–छात्राओं ने दवाओं के उत्पादन, टेस्टिंग, पैकिंग, पंचिंग आदि की विस्तार से जानकारी हासिल की।



दवा निर्माता कम्पनी एवरटच हेल्थ केयर का भ्रमण करते राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के छात्र–छात्राएं।

एवरटच हेल्थ केयर की प्रोडक्शन प्रमुख बबली सौरेत तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने छात्र–छात्राओं को फार्मास्यूटिकल, न्यूट्रास्यूटिकल, हर्बल के उत्पादन की विस्तार से जानकारी दी। दवा उत्पादन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया।

कम्पनी पदाधिकारियों ने छात्र–छात्राओं को दवाओं के उत्पादन, टेस्टिंग, पैकिंग, पंचिंग आदि के बारे में भी बताया। इस शैक्षिक भ्रमण में छात्र–छात्राओं को बीफार्मा के उपरांत रोजगार के अवसरों हेतु विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक योग्यता की जानकारी भी दी गई।

एवरटच हेल्थ केयर ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील चौधरी, मानवेंद्र चौधरी, मांगराम सौरेत एवं संतराम सौरेत ने कम्पनी की उपलब्धियों से रूबरू कराया। छात्र–छात्राओं ने इस शैक्षिक भ्रमण को बहुत उपयोगी बताया। आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि इंडस्ट्रियल विजिट से छात्र–छात्राओं को उद्योग के बारे में विस्तार से जानकारी मिलती है, जिससे उन्हें प्रारम्भिक चरण में ही अपना करियर तय करने में मदद मिलती है। इंडस्ट्रियल विजिट अधिक ज्ञान प्राप्त करने को प्रेरित करता है जो उन्हें स्पष्ट लक्ष्य–निर्धारण तथा दिशात्मक विचारों से अवगत कराता है। संस्थान के प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने कहा कि शैक्षिक यात्राएं छात्र–छात्राओं को एक नई संस्कृति का अनुभव करने का अवसर प्रदान करती हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) देवेंद्र पाठक ने एवरटच हेल्थ केयर के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार माना।

विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा ने छात्र–छात्राओं से आह्वान किया कि उन्होंने इस शैक्षिक भ्रमण में जो कुछ भी नया देखा और समझा है, उस पर अमल अवश्य करें। बेहतर होगा इसे नोटबुक में लिख लिया जाए।

## टोंक में पीएम मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला

# 'कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है'

**यूनिक समय, टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के टोंक जिले के उनियारा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब-जब हम बंटे हैं तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना और अपनी आस्था का पालन करना भी मुश्किल हो जाता है।



पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में अब भाजपा सरकार आने के बाद किसी की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे। अब आप चैन से हनुमान चालीसा भी गाएंगे और रामनवमी भी मनाएंगे। ये भाजपा की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने तो राम-राम सा कहने वाले राजस्थान में रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस ने शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करने वालों को सरकारी संरक्षण दिया था। इसी कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण के लिए मालपुरा, करौली, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंक दिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि टोंक में किन असामाजिक तत्वों के कारण यहां की इंडस्ट्री बंद हो गई, ये भी आप जानते हैं। लेकिन, आपने हमारे भजनलाल जी को सेवा करने का मौका दिया है। जबसे भजनलाल और उनकी टीम काम पर लगी है, माफिया और अपराधी राजस्थान छोड़कर भागने पर मजबूर हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि परसो मैंने राजस्थान में देश के सामने सत्य रखा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है। मैंने कांग्रेस की वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आखिर वो सच्चाई से इतना डरते क्यों हैं? कांग्रेस क्यों अपनी नीतियों को छिपाने में लगी है? मैंने देश के सामने सत्य रखा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है।

कांग्रेस की इन साजिशों के बीच मोदी आज आपको खुले मंच से गारंटी दे रहा है कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा और न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। सच्चाई ये है कि कांग्रेस और इंडिया अलायंस जब सत्ता में था, तो ये लोग दलितों-पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके अपने खास वोटबैंक को अलग से आरक्षण देना चाहते थे। जबकि संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण का जो हक बाबा साहेब ने दलित, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे।

साल 2011 में कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की। एससी, एसटी और ओबीसी को मिला हुआ अधिकार छीनकर, वोटबैंक की राजनीति के लिए औरों को देने का खेल किया। कांग्रेस ने इतने प्रयास ये जानते हुए किए कि ये सब संविधान की मूल भावना के खिलाफ था। कांग्रेस वोटबैंक पॉलिटिक्स के दलदल में इतना धंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने अपने मेनिफेस्टो में लिखा है कि आपकी संपत्ति का सर्वे करेंगे, हमारी माताओं-बहनों के पास जो मंगलसूत्र होता है उसका सर्वे करेंगे।

## कर्नाटक में भाजपा एमएलसी का इस्तीफा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक में भाजपा के एमएलसी केपी नंजुंदी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे साल 2017 से भारतीय जनता पार्टी के कर्नाटक राज्य उपाध्यक्ष हैं और 2018 से कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य थे। इसी पद से उन्होंने रिजाइन दिया है। वे अखिल कर्नाटक विश्वकर्मा महासभा के अध्यक्ष भी हैं।

## भोपाल में प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो है। इसके लिए राजधानी को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। 30 आईपीएस, 3 लेयर एसपीजी कमांडो और 2000 जवान तैनात किए गए हैं। पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी के स्पेशल कमांडो तैनात रहेंगे। दिल्ली से कमांडो और स्पेशल अधिकारियों का दल भोपाल पहुंच गया है। पूरे इलाके की ड्रोन से मॉनिटरिंग होगी। प्रधानमंत्री का रोड शो पुरानी विधानसभा से शुरू होगा और रोशनपुरा होते हुए अपैक्स बैंक तक जाएगा। करीब एक किलोमीटर लंबा रोड शो होगा।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस को झटका लगा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में आज दिग्विजय सिंह के गढ़ में कांग्रेस को झटका लगा है। टीकमगढ़ लोकसभा से कांग्रेस और अन्य दल के करीब 20 नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली।




## बीजेपी से छह साल के लिए निकाले गए ईश्वरप्पा ने ठानी जिद

# बोले-मैं चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा भी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक से भाजपा के नेता केएस ईश्वरप्पा को पार्टी ने छह साल के लिए निकाल दिया है। पार्टी से निकाले जाने के बाद ईश्वरप्पा ने जिद ठान दी है और कहा है कि मैं चुनाव भी लड़ूंगा और जीतूंगा भी। ईश्वरप्पा ने कहा कि, "मैंने एक गैर-पार्टी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया है, मुझे अभी भी उम्मीद है, मुझे किसी निष्कासन का डर नहीं है। मैं चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा और फिर से बीजेपी में वापस जाऊंगा। मैं कमल चुनाव चिन्ह पर पांच बार चुनाव लड़ चुका हूं।"



बता दें कि भाजपा ने शिवमोग्गा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला करने वाले ईश्वरप्पा को भाजपा ने "पार्टी को शर्मिंदा करने के आरोप में" कल उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विधान परिषद में विपक्ष के पूर्व नेता को निष्कासित करने का भाजपा का फैसला लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को कर्नाटक में होने वाले मतदान के लिए उम्मीदवारी वापस लेने के आखिरी दिन आया है। येदियुरप्पा और दिवंगत एचएन अनंत कुमार के साथ ईश्वरप्पा को कर्नाटक में जमीनी स्तर पर भाजपा को खड़ा करने का श्रेय दिया जाता है।

कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा अपने बेटे केई कांतेश को हावेरी से लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे थे। उन्होंने इसके लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा को दोषी ठहराया था और उनपर आरोप भी लगाया था। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी से भाजपा ने चुनाव का टिकट दिया है, जबकि विजयेंद्र के भाई और सांसद बीवाई राघवेंद्र शिमोगा से भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए हैं। इसी बात से ईश्वरप्पा नाराज चल रहे थे।

## बठिंडा के चुनावी मैदान में बादल-मलूका की बहुएं आमने-सामने

# जालंधर में दो समधियों के बीच तगड़ी जंग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बीजेपी के टिकट पर शिअद नेता सिकंदर सिंह मलूका की बहू परमपाल कौर ने बठिंडा के चुनावी रण में ताल ठोक दी है। परमपाल के सामने हैं बादल परिवार की बहू हरसिमरत कौर। इस सीट पर दो बड़े राजनीतिक घरानों की बहुएं के बीच कड़ी टक्कर है।





2024 का चुनावी महासंग्राम शुरू हो चुका है। पहले चरण के बाद अब राजनीतिक नेताओं ने दूसरे चरण के लिए चुनावी अभियान तेज कर दिया है। पंजाब में सातवें चरण में मतदान होगा। सातवें चरण का चुनाव 1 जून को होगा। इस दिन पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होंगे। वहीं, आपको बता दें कि राज्य की बठिंडा और जालंधर लोकसभा सीट का चुनाव अब बेहद दिलचस्प हो गया है। बठिंडा लोकसभा सीट पर इस बार दो बड़े राजनीतिक परिवारों की बहुएं के बीच टक्कर होने जा रही है। इस सीट पर बीजेपी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता सिकंदर सिंह मलूका की बहू परमपाल कौर को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है, तो वहीं शिअद के प्रमुख बादल परिवार ने अपनी बहू हरसिमरत कौर बादल पर चौथी बार दांव खेला है। सिकंदर सिंह मलूका टकसाली शिअद नेता के तौर पर जाने जाते हैं और उनकी शिअद प्रमुख प्रकाश सिंह बादल के साथ नजदीकियां रही हैं। शिअद प्रमुख प्रकाश सिंह बादल के बाद अब उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल पार्टी को संभाल रहे हैं। सिकंदर सिंह मलूका का बेटा गुरप्रीत सिंह अपनी पत्नी और आईएएस परमपाल कौर के साथ बीजेपी में शामिल हो गए थे। बीजेपी ने परमपाल कौर को बठिंडा सीट से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही है। अब दो बड़े राजनीतिक घरानों की बहुओं के बीच मुकाबला होने जा रहा है।

वहीं, पंजाब कांग्रेस के प्रधान और सांसद रहे मोहिंदर सिंह केपी सोमवार को शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गए। सोमवार को पार्टी ज्वाइन कराने के लिए अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल उनके घर पहुंचे। केपी जालंधर दलित समाज में अच्छी पकड़ भी रखते हैं। इससे पहले देर रात केपी को मनाने के लिए पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के भाई उनके घर पहुंचे थे लेकिन केपी नहीं माने। बता दें कि केपी चन्नी के निकटवर्ती रिश्तेदार हैं और चन्नी के समधी हैं। चन्नी के मुख्यमंत्री बनने के बाद केपी का कद पार्टी में बड़ा होना माना जा रहा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चन्नी के सीएम रहते हुए जब केपी ने आदमपुर से विधायकी की दावेदारी पेश की थी तो उन्हें टिकट न देकर सुखविंदर कोटली को दे दी गई थी। अब शिअद ने मोहिंदर सिंह केपी को मैदान में उतारकर सियासत को गर्मा दिया है। अब जालंधर की लड़ाई में दो समधी आमने-सामने हो गए हैं।

# शरद पवार ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## भारत में कोई नया पुतिन तैयार हो रहा है?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की। अमरावती में अपने भाषण के दौरान शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुतिन के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने रूस के एक शासक का वर्णन पढ़ा है। रूस का प्रशासन, रूस की सरकारी व्यवस्था और उस शख्स का नाम है पुतिन। आज इस देश की जनता चिंतित है कि क्या इस देश में मोदी के रूप में कोई नया पुतिन तैयार हो रहा है?

अमरावती में अपने भाषण के दौरान शरद पवार ने कहा, "सत्ता पक्ष के सांसद हमसे फुसफुसाते रहते हैं कि वहां हर मंगलवार को पार्टी की बैठक होती है और उस मीटिंग में कोई चर्चा नहीं होती। लोग अपनी राय नहीं रख सकते। मोदी साहब बोलेंगे, अपने विचार रखेंगे, वो सुनेंगे और सबलोग चले जाएंगे। किसी अन्य को वहां एक शब्द भी कहने का अधिकार नहीं है।"

कांग्रेस उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े के लिए अमरावती में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मुझे चिंता है कि भारत को नया पुतिन न मिल जाए। इस दौरान पवार भाजपा सांसदों के उन बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई कि बीजेपी प्रचंड बहुमत से इसलिए आना चाहती है, क्योंकि वह सत्ता में आकर संविधान को बदल देगी। शरद पवार ने कहा, "देश में तानाशाही की कोशिश को नाकाम करने के लिए संविधान को मजबूत किया जाना चाहिए। बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान के कारण ही यह देश सुरक्षित रहा। इसकी रक्षा करना हमारा काम है।"

## सम्पादकीय

# बंद करने होंगे भर्तियों में भ्रष्टाचार के दरवाजे

भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के मामलों में अदालतों के फैसले निश्चित ही उन लोगों के लिए राहत भरे होते हैं जो सिस्टम में घुन की तरह लगे भ्रष्टाचार से त्रस्त होते हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट का ताजा फैसला भी ऐसी ही राहत दिलाने वाला कहा जा सकता है। हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल में 24 हजार से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती को रद्द करने का फैसला सुनाया है। इतना ही नहीं, कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को एक पखवाड़े के भीतर शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को लेकर वंचित अभ्यर्थी हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे थे। इनका आरोप था कि अपात्र लोगों से रिश्वत लेकर उन्हें नियुक्तियां दे दी गईं और पात्र लोगों को वंचित कर दिया गया।



पवन गौतम
संपादक

लोकसभा चुनाव के दौरान आए हाईकोर्ट के इस फैसले पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात कही है, वहीं प्रमुख प्रतिपक्षी दल भाजपा इस घोटाले को लेकर सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साध रही है। हालांकि इस फैसले के बाद टीएमसी नेता कुणाल घोष का यह बयान भी विचारणीय है कि उन लोगों को सजा नहीं मिलनी चाहिए जो योग्यता के बूते चयनित किए गए। तमाम बयानबाजी के बीच फैसला सुनने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट के बाहर जमा पीड़ित अभ्यर्थियों ने न्याय मिलने पर खुशी जाहिर की। अदालत का फैसला अपनी जगह है। इसको लेकर हो रही बयानबाजी के भी अलग-अलग मायने हो सकते हैं, लेकिन शिक्षक जैसे पवित्र पेशे की नियुक्तियां भ्रष्टाचार के दरवाजे से हुई हों तो चिंता होनी स्वाभाविक है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रकरण में तत्कालीन शिक्षा मंत्री और उनके करीबियों को भी जांच के दायरे में लिया गया था। इससे इस प्रकरण की गंभीरता का पता चलता है। ईडी व सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों ने दखल किया तो पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल ने इसे एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब नौकरी से हटाए गए शिक्षकों को अपनी सेवा अवधि का वेतन ब्याज सहित लौटाना होगा। पूरे आठ साल अपात्र शिक्षकों ने कैसी पढ़ाई कराई होगी, इसका भी अंदाजा ही लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल का तो यह उदाहरण मात्र है। शायद ही कोई प्रदेश ऐसा होगा, जहां भर्ती प्रक्रिया विवादों में नहीं आई हो। ऐसे में लोगों के दिलोदिमाग में यह बात भी गहराई से बैठने लगी है कि चांदी की खनक के दम पर कुछ भी काम कराया जा सकता है। खास तौर से सरकारी महकमों में होने वाली भर्तियों को लेकर समूचे सिस्टम को पारदर्शी बनाने की जरूरत है।

## नजरिया

# विकसित देश भारत के आर्थिक दर्शन को लागू कर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं

प्रहलाद सबनानी

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है।



विश्व के कुछ विकसित देश, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन, भारत को समय समय पर आर्थिक क्षेत्र में अपना ज्ञान प्रदान करते रहे हैं। परंतु, अब विश्व के आर्थिक धरातल पर परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और भारत की स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ होती जा रही है वहीं विकसित देशों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका स्थित निवेश बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान भारत के कुल कर्ज की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि भारत का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में, तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि, इसी मापदंड के आधार पर अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की स्थिति देखी जाय तो भारत की तुलना में इन देशों की स्थिति बहुत अधिक दयनीय स्थिति में पहुंच गई है, परंतु यह देश भारत को आज भी ज्ञान देते नहीं चूकते हैं कि भारत अपनी स्थिति में किस प्रकार सुधार करे।

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। अमेरिका आज प्रतिवर्ष अपने आय के कुल स्त्रोतों से अधिक ऋण ले रहा है। जब भी अमेरिकी सरकार को खर्च करने हेतु धन की आवश्यकता पड़ती है, वह बाजार में अमेरिकी बांड्ज जारी कर ऋण लेकर अपना काम चलाता है। यह बहुत ही गलत तरीका है परंतु अमेरिकी सरकार को आज भी इस बात की चिंता नहीं है। हालत यहां तक बिगड़ गए हैं कि अमेरिकी कानून द्वारा अमेरिकी सरकार के बाजार के ऋण लेने के लिए निर्धारित की गई अधिकतम सीमा भी पार हो जाती है एवं लगभग प्रत्येक तिमाही के अंतराल पर अमेरिकी संसद द्वारा ऋण लेने की इस अधिकतम सीमा को बढ़ाया जाता है, इसके बाद अमेरिकी सरकार बाजार से ऋण लेती है और अपने खर्चे चलाती है। यदि बाजार से ऋण लेने की सीमा को प्रत्येक तिमाही पश्चात अमेरिकी संसद द्वारा नहीं बढ़ाया जाय तो शायद अमेरिकी सरकार द्वारा अपने सामान्य खर्चों को चलाना ही असम्भव हो जाएगा। अमेरिका में आर्थिक क्षेत्र में हालत इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि अमेरिकी सरकार को ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए भी बाजार से ऋण लेना पड़ रहा है। अमेरिकी सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक 100 दिनों के अंतराल में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण बाजार से लिया जा रहा है। ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज की राशि आज अमेरिका के सुरक्षा बजट से भी अधिक हो गई है। आज प्रत्येक वर्ष अमेरिकी सरकार को 87,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ऋण पर ब्याज के रूप में अदा करनी होती है जबकि अमेरिका का वार्षिक सुरक्षा बजट 82,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है।

उक्त परिस्थितियों के बीच अभी हाल ही में अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष, जेपी मोर्गन चेज, बैंक आफ अमेरिका, ब्लैक रॉक, आदि वित्तीय संस्थानों के उच्च अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार को चेतावनी दी है कि वह इस प्रकार के तरीकों को अपनाने से बाज आए अन्यथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को डूबने से कोई बचा नहीं सकेगा और इसका प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े बिना नहीं रहेगा। अमेरिका का बढ़ता ऋण पूरे विश्व में ब्याज दरों को प्रभावित कर रहा है, इससे विश्व में कई देशों को ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है और ऋण की लागत के साथ ही विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आज विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं, वैश्वीकरण के इस युग में, आपस में जुड़ी हुई हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित कर रही हैं।

आज अमेरिका द्वारा अन्य देशों को ज्ञान देने के बजाय अपनी लगातार गर्त में जा रही अर्थव्यवस्था को संभालने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिकी सरकार को अपने खर्चों पर नियंत्रण करते हुए अपने आय के साधनों को बढ़ाना चाहिए। न कि, भारत एवं अन्य विकासशील देशों को सीख दे कि ये देश अपने देश में किसानों को दी जा रही सब्सिडी/सुविधाओं में कटौती करें और अंतराष्ट्रीय व्यापार करते समय अमेरिका द्वारा दी गई सलाह को ध्यान में रखें। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था की जो स्थिति है और विश्व के अन्य देश यदि अमेरिकी सलाह के अनुसार अपनी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करते हैं तो सम्भव है कि इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी संकट के बादल मंडराने लगें। अमेरिका में पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था अब अंतिम सांसे लेती दिखाई दे रही है। यदि शीघ्र ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नहीं संभाला गया तो कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा।

भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी पश्चिमी जगत अपनी चिंता व्यक्त करता रहता है। हाल ही में ब्रिटेन के एक सांसद ने इस सम्बंध में अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को गरीबों की संख्या को कम करने हेतु कुछ विशेष उपाय करने चाहिए। इस प्रकार की सलाह देने वाले विदेशी नागरिक यह भूल जाते हैं कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और अब यह लगभग 10 प्रतिशत तक रह गई है। जब ब्रिटेन ने वर्ष 1947 में भारत छोड़ा था तब भारत को अति गरीब देश बनाकर छोड़ा था और भारत की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी। और, आज ब्रिटेन में ही लगभग 18 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। फिर, किस आधार पर ब्रिटेन एवं अन्य विकसित देशों के नागरिक, आर्थिक क्षेत्र में, भारत को सलाह देने लगते हैं। जबकि, भारतीय अर्थव्यवस्था चूंकि सनातन चिंतन पर आधारित आर्थिक नियमों का अनुपालन करते हुए आगे बढ़ रही है इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था आज इन देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं। विकसित देशों को यदि अपनी आर्थिक समस्याओं को हल करना है तो साम्यवाद एवं पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों का परित्याग कर भारतीय आर्थिक दर्शन को अपनाकर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए, न कि समय समय पर अन्य देशों को इस सम्बंध में अपना ज्ञान बांटना चाहिए।

## विचार-विण्डो

### त्रिकोणीय और दिलचस्प हुआ मुकाबला

# मोदी की छांव, फिर भी जदयू की राह में बाधाएं विकट

प्रियरंजन भारती

हार के सीमांचल और पूर्वांचल में जदयू को कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सीमांचल की मुस्लिम-यादव बहुल आबादी वाले किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां में लालू यादव की रणनीति से बदले समीकरणों ने जदयू की परेशानियां बढ़ा दी हैं। इनमें से किशनगंज एकमात्र ऐसी सीट है, जिस पर पिछली बार कांग्रेस की जीत हुई और इसी के साथ महागठबंधन का खाता खुल पाया था। पूर्वांचल के भागलपुर और बांका में भी जदयू को अपनी सीट बचाने की जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इन सभी पांच सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव की छांव में खड़े जदयू की राहें इन क्षेत्रों में आसान नजर नहीं आ रही है।



सीट शेयरिंग को लेकर आरजेडी कांग्रेस के बीच बढ़ी खटास दूर कर राहुल गांधी इस चुनाव में पहली बार भागलपुर में चुनावी रैली को पहुंचे तो तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने भी मंच साझा कर एनडीए के खिलाफ हुंकार भरी। भागलपुर सीट से कांग्रेस विधायक अजित शर्मा 'इंडिया' चैप्टर के उम्मीदवार हैं तो जदयू ने अपने सांसद अजय मंडल को ही रणक्षेत्र में उतारा है। जहां तक बांका संसदीय क्षेत्र की बात है तो यहां भी जदयू को चुनौती झेलनी पड़ रही है। जदयू ने यादव, राजपूत और अन्य पिछड़ी जाति बहुल सीट पर सांसद गिरिधारी लाल यादव को फिर मैदान में उतारा है। इनका मुकाबला फिर 2019 के लोकसभा चुनाव की ही तरह आरजेडी के जयप्रकाश नारायण यादव से है। आमने-सामने की लड़ाई रोचक हो सकती है। जदयू मोदी मैजिक के भरोसे फिर बेड़ा पार करने की जुगत में हैं।

कांग्रेस नेतृत्व ने जोर लगाकर कटिहार सीट समझौते में अपने हिस्से ले तो ली पर अब तारिक अनवर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं।

जदयू के सांसद दुलालचंद गोस्वामी हिंदू वोटों और मोदी मैजिक के सहारे फिर चुनावी जंग में फतह पाने को बेताब हैं। मुस्लिम और यादव वोटों के सहारे तारिक अनवर जीतने की जद्दोजहद कर रहे हैं। राहुल गांधी की भागलपुर रैली से मुस्लिम समाज को कनेक्ट करने का मौका मिला है। सीमावर्ती बांग्लादेश से घुसपैठ के लिए चर्चित कटिहार में इस बार भी आर-पार की लड़ाई छिड़ी है। देखना यही खास होगा कि जीत हार में इस बार क्या मायने रखता है।

किशनगंज क्षेत्र में 70 फीसदी मुस्लिम आबादी है। एनडीए की सहयोगी जदयू ने मुजाहिद आलम को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस से सांसद मोहम्मद जावेद और एआइएमआइएम के विधायक अतरूल ईमान के चुनावी मैदान में उतरने से संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। 2019 में एक यही सीट महागठबंधन के खाते में गई जिसे कांग्रेस के इसरारूल हक ने जीता था। उनके असमय निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस के मो.जावेद ने जंग जीती। यहां सांप्रदायिक आधार पर हमेशा ही वोटों की गोलबंदी होती रही है।

**त्रिकोणीय और दिलचस्प हुआ मुकाबला**

बांका संसदीय सीमांचल की यादव, मुस्लिम और अन्य पिछड़ी जातियों की बहुलता वाली पूर्णियां संसदीय सीट पर इस बार त्रिकोणीय और दिलचस्प मुकाबला है। पप्पू यादव निर्दलीय ही ताल ठोक रहे हैं।

पूर्व सांसद उदय सिंह का भी पप्पू यादव ने समर्थन ले लिया है। पप्पू यादव का कोशी क्षेत्र में अपना प्रभाव और बड़ा रुतबा है। चुनावी चौसर पर बीमा भारती पिछड़ गई दिखने लगी हैं। पप्पू यादव और संतोष कुशवाहा में बादशाहत की जंग बेहद महत्त्वपूर्ण इबारत लिख सकती है।

## मुंबई इंडियंस के लिए अब भी आसान है प्लेऑफ की राह

# बस जीतने होंगे इतने मैच



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मुकाबले में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। पिछला मैच जीतने के बाद एमआई को एक बार फिर हार का मुंह देखना पड़ा। एमआई की यह इस सीजन 5वीं हार है। टीम ने अब तक 8 मैच खेले हैं और 3 में ही जीत दर्ज की है। इस सीजन खराब प्रदर्शन कर रही मुंबई इंडियंस अभी भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। इसके लिए एमआई को क्या करना होगा, आइए जानते हैं।

प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए किसी भी टीम को कम से कम 16 अंकों की जरूरत होती है। 3 जीत के बाद एमआई के 6 अंक हैं। मुंबई इंडियंस को अभी 6 मैच और खेलने हैं। ऐसे में टीम अगर सभी मैच जीतती है तो उनके 18 अंक होंगे और अगर 5 मैच जीतती है तो टीम के 16 अंक होंगे। 16 अंकों के साथ टीम अंतिम 4 में जगह बना सकती है। एमआई का नेट रन रेट अभी –0.227 है। ऐसे में टीम को अपने आने वाले मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम ने हार की हैट्रिक लगाई थी। एमआई को गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार मिली थी। इसके बाद टीम ने वापसी की और दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया।

इसके बार चेन्नई सुपर किंग्स ने एमआई को 20 रन से रौंदा। फिर एमआई ने पंजाब किंग्स को 9 विकेट से पटखनी दी। पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंदा।






## आमिर खान 'श्रीकांत' के सॉन्ग 'पापा कहते हैं' के लॉन्च पर हुए भावुक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजकुमार राव इन दिनों अपनी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म10 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी बीच हाल ही में फिल्म का नया गाना 'पापा कहते हैं' रिलीज हुआ है, जिसके लॉन्च इवेंट पर आमिर खान भी नजर आए।

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म एक मशहूर बिजनेसमैन श्रीकांत बोल्ला की बायोपिक है। जिसमें राजकुमार राव इस बिजनेसमैन के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म को टी–सीरीज प्रोड्यूस कर रही है। वहीं हाल ही में इस फिल्म का नया गाना 'पापा कहते हैं' रिलीज हुआ है, जिसका बीते दिनों लॉन्च इवेंट रखा गया था। ये गाना आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' के ऑरिजनल सॉन्ग का रीमेक है। ऐसे में इस गाने की लॉन्चिंग के दौरान इवेंट में आमिर खान भी मौजूद रहे और इस दौरान उन्हें भावुक होते हुए भी देखा गया।

जी हां, सोशल मीडिया पर एक वीडियो इस वक्त तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आमिर खान को भावुक होते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब स्टेज पर सिंगर्स गाना गा रहे हैं तो इस दौरान उनके साथ–साथ आमिर खान भी गुनगुना रहे हैं। वहीं इस दौरान उनके आंखें भी भर आती है, हालांकि वो किसी तरह से अपने आंसुओं को रोककर खड़े हो जाते हैं और तालियां बजाने लगते हैं। बता दें कि 1988 में आई आमिर खान की डेब्यू फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' खूब फेमस हुआ और आज भी इस गाने को लोग सुनना पसंद करते हैं। यकीनन इस गाने से आमिर खान के लगाव को समझा जा सकता है। अब आमिर के इस गाने को राजकुमार राव की इस फिल्म में बड़ी ही खूबसूरती से फिल्माया गया है, जिसमें श्रीकांत का सफर इमोशनल करने वाला है। फैंस को ये गाना भी काफी पसंद आ रहा है।

### एक्टर का इस गाने से है पुराना रिश्ता

बता दें कि तुषार हीरानंदानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'श्रीकांत' इंडस्ट्रियलिस्ट 'श्रीकांत बोला' की बायोपिक है। जिसका किरदार राजकुमार राव प्ले कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शकों की तरफ से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। वहीं इस फिल्म में राजकुमार राव और अलाया एफ के अलावा अदाकारा ज्योतिका मुख्य भूमिका में दिखेंगी।

ज्योतिका हाल ही में अजय देवगन की सुपरनेचुरल हॉरर थ्रिलर 'शैतान' में नजर आई थीं। इसके अलावा शरद केलकर जैसे कलाकार भी 'श्रीकांत' में अपनी अदाकारी का हुनर दिखाते हुए नजर आएंगे। ये फिल्म 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## वाइफ मीरा के साथ डिनर करके निकल रहे थे शाहिद कपूर

# पैप्स की इस हरकत को देख आ गया कबीर सिंह को गुस्सा





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शाहिद कपूर हाल ही में पत्नी मीरा राजपूत के साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आए थे, जहां उन्हें पैपराजी पर बुरी तरह भड़कते हुए देखा गया। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

जब भी कोई सेलिब्रिटी कहीं भी जाते हैं तो पैपराजी हमेशा उन्हें फोटोज क्लिक करने के लिए कहते हैं। लेकिन कई बार इससे सेलेब्स परेशान भी हो जाते हैं और उनका गुस्सा पैप्स पर निकल जाता है। ऐसा ही कुछ अभिनेता शाहिद कपूर के साथ हुआ, जब बीते दिन वो अचानक पैपराजी पर भड़क गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल है। ये जोड़ी हमेशा कपल गोल सेट करने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। ऐसे में बीते दिन भी शाहिद अपनी पत्नी संग स्पॉट हुए। दरअसल, शाहिद कपूर बीती रात वाइफ मीरा राजपूत के साथ डिनर पर गए थे। दोनों जब रेस्ट्रोरेंट से डिनर करके निकल रहे थे तो इस दौरान शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा का हाथ थामे हुए नजर आए।


वहीं जैसे ही कपल बाहर आए तो पहले से ही कुछ पैपराजी उनका वेट कर रहे थे और उन्हें देखते ही वो कपल की फोटोज क्लिक करने लगे, ये देखकर एक्टर को गुस्सा आ गया और वो कैमरे के सामने ही गुस्से में ये बोलने लगे कि 'यार, क्या आप लोग बंद करोगे, क्या आपलोग जरा सही से बिहेव करोगे? अब शाहिद कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर लोग खूब रिएक्शंस भी दे रहे हैं। जहां कुछ लोग एक्टर को सपोर्ट करते दिख रहे हैं वहीं कई लोग उनके इस व्यवहार से खफा भी नजर आ रहे हैं।

वहीं शाहिद कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनकी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' रिलीज हुई थी। जिसे फैंस द्वारा काफी पसंद किया गया।

अब इसके बाद वह जल्द ही सचिन बी रवि निर्देशित फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' और आदित्य निम्बालकर के डायरेक्शन में 'बुल' में भी नजर आने वाले हैं।

## क्रिकेटर की कमाल की बल्लेबाजी

# तिलक वर्मा ने तोड़ा पृथ्वी शॉ और संजू सैमसन का रिकॉर्ड



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तिलक वर्मा ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी की। ये बात और है कि वे अपनी टीम को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो पाए। तिलक ने मैच में उस वक्त मोर्चा संभाला, जब रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव आउट हो गए थे। इस बीच मैच के दौरान उन्होंने आईपीएल में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली के लिए खेल रहे पृथ्वी शॉ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

दरअसल तिलक वर्मा ने जब अपने आईपीएल में 1000 रन पूरे किए तो उस दिन उनकी उम्र 21 साल और 166 दिन की थी। अब वे आईपीएल में सबसे कम उम्र में एक हजार रन बनाने वाले तीसरे नंबर के बल्लेबाज हो गए हैं। उनके आगे ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल हैं। ऋषभ पंत ने जब आईपीएल में 1000 रन बनाए थे, जब उनकी उम्र 20 साल और 218 दिन की थी। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 21 साल और 130 दिन की उम्र में इस मुकाम को छुआ था। हम आपको बता ही चुके हैं कि तिलक वर्मा ने 21 साल और 166 दिन की उम्र में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए हैं।

बात अगर पृथ्वी शॉ और संजू सैमसन की करें तो पृथ्वी ने 21 साल और 169 दिन की उम्र में अपने एक हजार आईपीएल रन पूरे किए थे। वहीं संजू सैमसन ने 21 साल और 183 दिन की उम्र में एक हजार रन पूरे करने में कामयाबी हासिल की थी। तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 65 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 5 चौके और तीन छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 144 से भी ज्यादा का रहा। इतना ही नहीं, जब टीम संकट में थी, तब तिलक ने नेहाल बढेरा के साथ मिलकर अपनी टीम के लिए 99 रनों की साझेदारी की। यही कारण रहा कि टीम 179 रन भी बना सकी, नहीं तो ये स्कोर और भी कम हो सकता था। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस की ओर से दिए गए 180 रनों के लक्ष्य को राजस्थान ने बड़े ही आराम से हासिल कर लिया। आरआर ने केवल 18.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 183 रन बना दिए। इसमें यशस्वी जायसवाल के 60 बॉल पर बनाए गए 104 नाबाद रन शामिल रहे। वहीं जॉस बटलर ने 25 बॉल पर 35 और संजू सैमसन ने 28 बॉल पर 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

## आरती सिंह ने अपनी हल्दी में ढोल पर लगाए जमकर ठुमके, नहीं नज़र आए मामा गोविंदा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' की कंटेस्टेंट रहीं टीवी एक्ट्रेस आरती सिंह इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ के कारण सुर्खियों में बनी हुई हैं। 39 साल की उम्र में आरती सिंह को उनका हमसफर मिल ही गया है, जिसके साथ वो 25 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। वहीं आरती की शादी की रस्में भी शुरू हो चुकी हैं। बीते दिन आरती की हल्दी सेरेमनी थी, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ गई हैं, जिसमें आरती के साथ उनके को–एक्टर्स और अन्य टीवी सेलेब्स भी नजर आ रहे हैं। वहीं आरती के भाई कृष्णा और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह भी इस फंक्शन में खूब धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस दौरान आरती के मामा गोविंदा नजर नहीं आए। नहीं गोविंदा आरती के ब्राइडल शॉवर में नहीं दिखे।

## सुविचार

थोड़ा वक्त गुजरने दो, एक-एक पल की कीमत समझ आ जाएगी।

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि प्रतिपदा | 05:18-06:46 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र विशाखा | 12:41-02:24 तक | माह | चैत्र |
| सूर्योदय | 05:49 AM | चंद्रोदय | 07:17 PM |
| सूर्यास्त | 18:44 PM | चंद्रास्त | 06:17 AM |
| सूर्य राशि | मेष राशि | चंद्र | तुला राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | ब्रह्म मुहूर्त | 04:17-05:05 |
| त्योहार/व्रत | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल 12.17 से 01:54 तक | | वार | बुधवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार को सिर्फ एक दिन

वरिष्ठ संवाददाता

### मतदाताओं को लुभाने में झोंकी पूरी ताकत

### मतदाताओं की खामोशी ने उड़ाई प्रत्याशियों की नींद

**यूनिक समय, मथुरा।** जहां मतदाताओं की खामोशी ने प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी है। वहीं प्रत्याशियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वैसे चुनाव प्रचार कल शाम पांच बजे तक होगा। इस कारण भाजपा, बसपा और कांग्रेस प्रत्याशियों और 12 निर्दलीय प्रत्याशियों ने आज चुनाव प्रचार में अपनी पूरी शक्ति लगा दी है। लेकिन मतदाताओं की खामोशी ने सभी प्रत्याशियों की चिंता बढ़ा दी है। इसको लेकर सभी दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों की हवाईयां उड़ी हुई हैं।

भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में बूथ कमेटी और पन्नाप्रमुख से लेकर पार्टी के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी प्रत्येक मतदाता से सम्पर्क साधने में जुटे हैं। वोटर पर्ची बांटने के सहारे पार्टी प्रत्याशी को जिताने का अनुरोध मतदाताओं से कर रहे हैं। नामांकन के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में, उसके बाद गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी छटीकरा वृंदावन में जनसभा करके वोट मांग चुके हैं। गठबंधन के सहयोगी के रूप में रालोद मुखिया बल्देव में जनसभा कर चुके हैं। वहीं बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह के लिए जमुनापार में पार्टी राष्ट्रीय कोर्डीनेटर आनंद प्रकाश वोट मांग चुके हैं। कांग्रेस प्रत्याशी स्वयं ही पार्टी पदाधिकारियों के सहयोग से जनता के मध्य जा रहे हैं। कांग्रेस का कोई बड़ा लीडर चुनाव प्रचार के लिए नहीं आया। अब देखना है कि 26 अप्रैल को मतदाता रूपी उंट किस करवट बैठता है, किस प्रत्याशी के पक्ष में अपना मत देकर विजयी बनाता है। इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही पता चलेगा।

### इंदौर जिले के सांवेर में हनुमानजी का एक ऐसा दिव्य स्वरूप मंदिर

# जयंती : यहां सीधे नहीं उल्टे विराजमान हैं हनुमान जी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एक सनातन कहावत है 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता', यह बात श्रीहरि विष्णु के अवतार भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी लिए भी सही है। मध्य प्रदेश इंदौर जिले के सांवेर में कान्ह नदी के किनारे हनुमानजी का एक ऐसा दिव्य स्वरूप और मंदिर जिसे देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। यह जगह और यहां के हनुमानजी काफी विलक्षण हैं।

**पाताल विजय उल्टे हनुमान**

सांवेर के मंदिर में स्थापित हनुमानजी दुनिया में एकमात्र प्रतिमा है, जहां सिर के बल खड़े हनुमानजी की प्रतिमा दर्शन देती है। देश-विदेश से भक्त और पर्यटक हनुमानजी के दर्शन करने के लिए सांवेर के उल्टे हनुमान धाम पहुंचते हैं और विस्मय से भर जाते हैं। बता दें, मध्य प्रदेश में यहां चाहे राजनीति हो या अन्य कोई आयोजन, क्षेत्र के हर शुभ कार्य की शुरुआत इसी मंदिर में माथा टेक कर की जाती है।

**इसी स्थान से पाताल लोक गए थे हनुमान**

सांवेर के इस मंदिर और हनुमानजी का संबंध त्रेता युग और रामायण से जुड़ा है। इससे जुड़ी रामायण की एक कथा है कि जब लंका युद्ध में रावण की सेना हार रही थी, तो रावण के कहने पर पाताल के राजा अहिरावण ने श्रीराम और लक्ष्मण का अपहरण कर लिया था। अहिरावण उन्हें बंदी बनाकर अपने पाताल लोक ले गया था। तब हनुमानजी ने पाताल लोक जाकर अहिरावण का वध किया और श्रीराम-लक्ष्मण की रक्षा की थी। इस इलाके में मान्यता प्रचलित है कि यह वही स्थान है, जहां से हनुमानजी ने पाताल लोक में प्रवेश किया था। इसीलिए यहां उल्टे हनुमान की मूर्ति स्थापित है।

**मंगलवार और शनिवार जुटती है भक्तों की भीड़**

सांवेर के इस हनुमान मंदिर में हनुमानजी के साथ-साथ राम दरबार और अलग-अलग भगवानों के मंदिर भी स्थापित हैं। मंगलवार और शनिवार के दिन यहां देश-विदेश से श्रद्धालु भक्त पहुंचकर बाबा उल्टे हनुमान के दर्शन करने पहुचते हैं। मंदिर के पुजारी भी बताते हैं कि इसी स्थान से ही हनुमानजी पाताल में गए थे। पाताल जाने के लिए उनको सिर के बल होकर जाना पड़ा था, तभी से यहां पर हनुमान जी की मूर्ति उल्टी स्थापित है।

## हनुमान महाराज घाटी वाले बाबा का पंचामृत अभिषेक

**यूनिक समय, मथुरा।** हनुमान जन्मोत्सव पर प्राचीन चौक बाजार स्थित श्री हनुमानजी महाराज (घाटी वाले बाबा) का 251 किलो दूध, 51 किलो दही, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केशर, गुलाब इत्र एवं गंगा-यमुना जल द्वारा पंचामृत अभिषेक किया गया। महंत बल्देव प्रसाद व्यास, चरण सेवक सोनू पंडित व मोनू पंडित ने पूजा अर्चना कराई। सायंकाल मंदिर पर श्री राम दरबार, श्री हनुमन्त लाल एवं श्री श्रीनाथ जी के सामने विभिन्न सामग्री सहित छप्पन भोग ठाकुरजी को अर्पित किये गये। फूल बंगला में विराजे ठाकुरजी की शोभा अद्वितीय दर्शित हो रही थी

# भंडारे में भोजन किसे करना चाहिए और कब!



**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में भंडारे को पुण्यकार्य माना जाता है। इससे तमाम लोग अक्सर बड़े भंडारों का आयोजन करते हैं। कई बार तो संपन्न लोग इतने बड़े भंडारों की व्यवस्था करते हैं कि उसमें एक साथ कई-कई हजार लोग साथ भोजन करते हैं। लेकिन तमाम लोग भंडारों में भोजन करने से बचते भी हैं और यहां प्रसाद ले लिया तो कुछ सहयोग करने की कोशिश करते दिखते हैं।

पुरोहितों के अनुसार अक्सर भंडारा पूजा के प्रसाद के रूप में किया जाता है, इसलिए इसका प्रसाद ग्रहण करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन कई बार संपन्न लोग मंदिरों के आसपास गरीब और असहाय लोगों को भोजन कराने के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं। यानी ऐसे लोग जो भोजन जुटाने में अक्षम हैं, उनके भोजन की व्यवस्था के निमित्त इन भंडारों का आयोजन करते हैं।

ऐसे में संपन्न होकर आपने यदि भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर लिया तो आप किसी गरीब, असहाय का हिस्सा ग्रहण कर लेते हैं। इससे आप पाप के भागी बन सकते हैं।

पुरोहितों के अनुसार अगर आप संपन्न हैं और अपना भोजन जुटाने में सक्षम हैं, और प्रसाद के निमित्त या और किसी वजह से आपने गरीबों के लिए आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर लिया तो आपको वहां कुछ सहयोग करना चाहिए। यहां आप अपनी क्षमता के अनुसार कुछ मदद करें।

### आर्थिक तंगी से परेशान हैं तो मान लीजिए नीम करोली बाबा के मंत्र

# बन जाएंगे धनवान और सुखी



**यूनिक समय, मथुरा।** नीम करोली बाबा के मुरीद दुनिया भर में हैं, कोई इन्हें महान संत तो कोई बजरंगबली का अवतार मानता है।

इनके चमत्कारों से बहुत से लोगों का कल्याण हुआ है। बाबा नीम करोली ने अपने भक्तों की आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग तो प्रशस्त किया ही है, इस संसार की परेशानियों का भी समाधान बताया है, जो किसी मंत्र की ही तरह है।

तभी तो एप्पल और फेसबुक के मालिक भी इनके मुरीद हैं। और उनकी समाधि पर माथा टेकने देश विदेश से भक्त आते हैं।

यदि बाबा के इन मंत्रों को आप मान लें तो सुख को समझ जाएंगे और धन को लेकर जो पीड़ा है वह खत्म हो जाएगी... आइये जानते हैं नीम करोली बाबा ने आर्थिक तंगी से निकलने के क्या मंत्र बताए हैं।

**धनवान बनने के लिए करें यह काम:** नीम करोली बाबा ने भक्तों को अनेक बार समझाया है कि जो व्यक्ति धन का इस्तेमाल अपने लिए करता है वह बहुत पैसा संचय करने के बाद भी गरीब है। लेकिन जो गरीब होने के बाद भी दूसरों की मदद के लिए हाथ बढ़ाता है, हकीकत में वही धनवान है। असहाय की सहायता करने वाले की ईश्वर मदद करता है, उसका धन का भंडार भर देता है।

**धन का ऐसे करें इस्तेमाल:** नीम करोली बाबा समाधि ले चुके हैं, लेकिन उनकी सीख और उनकी प्रेरणा भक्तों में आज भी है और आध्यात्मिक अलौकिक ज्ञान का यह प्रकाश भक्तों और अनुयायियों के माध्यम से दिन प्रतिदिन आगे भी बढ़ रहा है और संसार को रोशनी दिखाने और सन्मार्ग पर ले जाने का प्रयास कर रहा है।

नीम करोली बाबा ने भक्तों को बताया है कि धन का दिखावा व्यर्थ है, इसके फेर में धन की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। नीम करोली बाबा के अनुसार जो व्यक्ति अनावश्यक खर्च न कर धन की बचत पर ध्यान देता है, माता लक्ष्मी स्वयं ही उस पर मेहरबान रहती हैं। लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं है कि धन का इस्तेमाल ही न करें।

धन का भंडार भरने के लिए इसका सही इस्तेमाल जरूरी है। लोगों के कल्याण में इसका उपयोग करना चाहिए।

**सरलता ही कुंजी :** नीम करोली बाबा के अनुसार जीवन में सरलता का साथ न छोड़ने पर ही जिंदगी सुखमय बीतेगी और आसमान की ऊंचाइयों को छू पाएंगे।

**ये है असली धन:** नीम करोली बाबा के अनुसार हर मनुष्य आजकल सोना, चांदी जुटाने में परेशान रहता है, लेकिन मनुष्य का असली रत्न और धन तो उसका चरित्र, व्यवहार और ईश्वर के प्रति उसकी आस्था है।

बाबा का कहना है जिसका चरित्र पानी की तरह साफ है, जो अपने व्यवहार से किसी का दिल नहीं दुखाता, न किसी के प्रति बुरे विचार रखता है, उसका जीवन दुखों से नहीं घिरता वह जीते जी तो प्रतिष्ठा पाता ही है, मृत्यु के बाद भी उसका संसार में यश रहता है। सही मायनों में ही व्यक्ति धनवान है।

**धर्म के रास्ते ही मिलेगा धन:** बाबा नीम करोली के अनुसार जो व्यक्ति ईश्वर पर भरोसा रखता है वह गलत मार्ग पर नहीं जाता है। ऐसे व्यक्ति के भाग्य में सभी सुख सुविधाएं होती हैं। जो व्यक्ति अपनी कमाई का एक हिस्सा दान धर्म पर खर्च करता है, उसे किसी के सामने हाथ फैलाने की नौबत नहीं आती।

### कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा

# बस-ट्रक की टक्कर में चार की मौत, 34 लोग घायल



**यूनिक समय, कन्नौज।** कन्नौज में आगरा-लखनऊएक्सप्रेस वे मंगलवार 23 अप्रैल की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बस और ट्रक की टक्कर हो गई। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार घटना कन्नौज जिले के ठठिया थाने के पिपरौली गांव के पास हुई। यहां पर बस डिवाइडर पार करके ट्रक से टकरा गई। दुर्घटनाग्रस्त बस गोरखपुर से दिल्ली की ओर जा रही थी। सभी घायलों को इलजा के तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर कन्नौज जिले के ठठिया थाना अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। बस में करीब 40 सवारियां सवार थी। जिसमें 4 की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 34 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों को हॉस्पिटल पहुंचाया। तिर्वा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे पास 38 यात्री आए हैं जिसमें 4 की मृत्यु हो चुकी हैं। वहीं बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है।






## खेल-खेल में दो बहनों ने पिया कीटनाशक



### तबियत बिगड़ने पर परिजनों को चला पता, इलाज के दौरान दोनों बच्चियों की मौत

**यूनिक समय, बुलंदशहर।** चार वर्षीय आफरीन, तीन वर्षीय आफिया घर में ही खेल रही थीं। इस दौरान दोनों ने घर में रखा कीटनाशक दवा को पी लिया। दोनों बच्चियों की हालत खराब होने पर परिजनों को जानकारी हुई।

बुलंदशहर नगर के मोहल्ला जंगलीपीर में मंगलवार को दो बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक पी लिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक के बाद एक कर दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

औरंगाबाद के मोहल्ला जांगलीपीर निवासी नदीम दुबई में नौकरी करता है। बताया गया कि घर पर उनकी पत्नी, बच्चे व अन्य परिजन रहते हैं। मंगलवार दोपहर को उनकी चार वर्षीय पुत्री आफरीन, तीन वर्षीय पुत्री आफिया घर में ही खेल रही थीं। इस दौरान दोनों ने घर में रखा कीटनाशक दवा पी ली। दोनों बच्चियों की हालत खराब होने पर परिजनों को जानकारी हुई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चैत्र पूर्णिमा पर रामनगरी में सरयू स्नान के लिए उमड़े भक्त

**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या में हनुमान जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सरयू में स्नान के बाद हनुमानगढ़ी में दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। बड़ी संख्या में भक्तों ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। रामलला, कनक भवन सहित हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग रही है।

प्रशासन की ओर से सरयू तट से लेकर मठ-मंदिरों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई इसके बाद सरयू जल लेकर नागेश्वरनाथ मंदिर की ओर निकल पड़े। नागेश्वरनाथ मंदिर में अभिषेक-पूजन के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। यहां से भक्तों का रेला हनुमानगढ़ी पहुंचा।




हनुमान जयंती होने के कारण हनुमान जी को श्रद्धा अर्पित करने को लेकर भक्तों में होड़ रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने हनुमंत लला के दरबार में हाजिरी लगाकर पूजा-अर्चना की। कुछ इसी तरह का दृश्य रामलला के दरबार में भी है। बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलला की पूजा-अर्चना की। शाम को पूर्णिमा पर्व पर सरयू आरती का भी आयोजन होगा।

## बीमा राशि देने से एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ ने किया इंकार

**यूनिक समय, लखनऊ ।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने बीमा की राशि नॉमिनी को न देने पर एक करोड़ रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है। बीमा की राशि 75 लाख रुपये थी।

बीमा लेने के बावजूद बीमारी से मृत्यु होने पर बीमित राशि न देने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ को ब्याज सहित करीब एक करोड़ रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया है। ये आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने दिया।

कानपुर आनंदपुरी निवासी मनोज कुमार अग्रवाल ने एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ से वर्ष 2017 में क्लिक-टू-प्रोटेक्ट प्लान लिया था। प्लान की बीमित राशि 75 लाख रुपये थे। बीमा करने से पहले उनकी सभी तरह की



### अब देना होगा एक करोड़ हर्जाना

मेडिकल जांचें कराई गईं। रिपोर्ट ठीक आने के बाद उनकी पॉलिसी की गई। दो साल तक प्रीमियम दिया गया। वर्ष 2019 में मनोज कुमार की सेहत खराब हो गई। गंभीर होने पर उन्हें मेदांता अस्पताल गुड़गांव में भर्ती किया गया। वहां हेपेटाइटिस ई की पुष्टि हुई। काफी इलाज के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### आगरा में 25 अप्रैल को आ रहे पीएम मोदी

## अब चमकाई जा रहीं सड़कें और डिवाइडर



**यूनिक समय, आगरा।** पीएम मोदी की आगरा में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कोठी मीना बाजार का मैदान तैयार है तो वहीं अब सड़कें और डिवाइडर को पानी से धोकर चमकाया जा रहा है।

आगरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को कोठी मीना बाजार में प्रस्तावित रैली की तैयारियों में अधिकारी जुटे हैं। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी, जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने अन्य अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं रैली को लेकर जहां कोठी मीना बाजार का मैदान तैयार है, तो वहीं सड़कों और डिवाइडर की भी पानी से धुलाई कर चमकाया जा रहा है।

आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पंडाल, मंच व अन्य मानक परखने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए। सीएमओ को रैली स्थल के पास सेफ हाउस बनाने और यातायात पुलिस को बाहर से आने वाले वाहनों को चिन्हित स्थलों पर पार्किंग कराने के निर्देश दिए।

रैली में आगरा के अलावा अन्य जिलों से भी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी आएंगे। ऐसे में मंडलायुक्त ने सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल, अपर पुलिस आयुक्त केशव चौधरी आदि मौजूद रहे।

## विजय संकल्प रैली में पहुंचे जयंत और पत्नी चारू चौधरी, सीएम योगी

**यूनिक समय, बागपत।** रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी आज एक साथ मंच से वोटरों को साधेंगी। उनके साथ आज सीएम योगी आदित्यनाथ भी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ और रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी आज एक साथ मंच से वोटरों को साधेंगे। दोनों ही जनसभा में पहुंच चुके हैं, जबकि सीएम योगी भी जनसभा स्थल पहुंच चुके हैं।

जनसभा स्थल पर भारी संख्या में भाजपा व रालोद कार्यकर्ता मौजूद हैं। यहां समर्थक योगी मोदी और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखे। बागपत लोकसभा सीट से रालोद प्रत्याशी राजकुमार सांगवान भी मंच पर मौजूद हैं। वहीं सीएम योगी कुछ देर में जनसभा को संबोधित करेंगे।



एनडीए की यह जनसभा जनता वैदिक कालेज के मैदान पर आयोजित की जा रही है, जिसकी तैयारियों में भाजपा व रालोद नेताओं के साथ ही पुलिस अधिकारी दिनभर जुटे रहे।

रालोद-भाजपा गठबंधन ने जाट बिरादरी के डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया है तो सपा ने भी ब्राह्मण व बसपा ने गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं इस सीट के रालोद के खाते में जाने से कुछ वोटर छिटकने का डर रालोद-भाजपा गठबंधन को सता रहा है।

ऐसे में जाटों के साथ ही अन्य को एकजुट करने के लिए मतदान से ठीक पहले इस रैली को अहम माना जा रहा है, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ व रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी भी वोटरों को साधने का काम करेंगी।

हालांकि यह बाद में साफ होगा कि इसमें वह कितने कामयाब हुए हैं। वहीं इस रैली को लेकर रालोद व भाजपा नेताओं ने कई जगह बैठक की और सभी को रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आने के लिए कहा गया। इसके अलावा रैली की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पुलिस अधिकारियों ने भी रैली स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

UNiCOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: infomunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

## सार संक्षेप

### पहली बार आम आदमी पार्टी को वोट देंगे सोनिया और राहुल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि कांग्रेस लोगों का भरोसा खो चुकी है, उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं, यही कारण है कि कांग्रेस का शाही परिवार पहली बार दिल्ली में अपनी ही पार्टी को वोट नहीं देगा। दरअसल, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे बड़े कांग्रेस नेता नई दिल्ली की जिस लोकसभा सीट के मतदाता है, वहां कांग्रेस का कोई उम्मीदवार ही नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार दिल्ली में अपनी ही पार्टी को वोट नहीं करेगा। नई दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है।

### भोपाल के 50 से ज्यादा मैरिज गार्डन अवैध

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल के 50 से ज्यादा मैरिज गार्डन को अवैध करार दिया गया है। नगर निगम ने 6 मैरिज गार्डन पर ताला भी लगा दिया है। इससे मांगलिक कार्यक्रमों में अमंगल का रंग घुल गया है, क्योंकि शादी के लिए मैरिज गार्डन बुकिंग करने वाले परेशान हैं। नर्मदापुरम रोड, रातीबढ़, रायसेन, विदिशा रोड बैरागढ़ आदि इलाकों के मैरिज गार्डन को सील करने की कार्रवाई हुई है।

### अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, सात मई तक रहेंगे जेल में

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला कांड में सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। अब सात मई को अगली पेशी होगी। उनके साथ ही कोर्ट ने के कविता , की भी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। अरविंद केजरीवाल आज जेल से वीसी से न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद पेश हुए थे।

कस्टम ने तलाशी के दौरान खोला बैग तो फटी रह गईं आंखें

# 10 एनाकोंडा सांप के साथ पकड़ा तस्कर





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बेंगलुरु कस्टम ने एयरपोर्ट से एक यात्री को पकड़ा, जो 10 सांपों की तस्करी करने जा रहा था। कस्टम ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया है।

बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां कस्टम अधिकारियों ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो अपने बैग में सांपों को रख कर तस्करी करने के फिराक में था। टीम ने तलाशी के दौरान शख्स के बैग से करीब 10 एनाकोंडा सांप पकड़े हैं और इसके बाद यात्री को हिरासत में ले लिया गया है। बेंगलुरु कस्टम्स ने एक्स पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

बेंगलुरु कस्टम्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, "बेंगलुरु एयर #कस्टम्स ने बैंकॉक से आने वाले एक यात्री के चेक-इन बैग में छुपाए गए 10 पीले एनाकोंडा की तस्करी के प्रयास को रोका है। शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। वन्यजीव तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी"

जानकारी दे दें कि सीआईटीईएस (जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन) के तहत सूचीबद्ध प्रजातियां कन्वेंशन के प्रावधानों के अधीन हैं। यह पहली बार नहीं है जब अधिकारियों ने बैंकॉक से वन्यजीवों की तस्करी के प्रयास को पकड़ा है।

इससे पहले जनवरी 2022 में, रेवेन्यू इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने केआईए में बैंकॉक से आए 3 यात्रियों को रोका और उनके पास से 18 एनीमल (4 प्राइमेट और 14 सांप) बरामद किए। यात्रियों ने अपने चेक-इन बैगेज में जानवरों की तस्करी करने का प्रयास किया था। वहीं, अगस्त 2022 में, कस्टम अधिकारियों ने ट्रॉली बैग में छुपाए गए एक कंगारू बच्चे के शव को बरामद करने के अलावा अजगर, गिरगिट, इगुआना, कछुए और मगरमच्छ सहित 234 रेप्टाइल ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की बढ़ सकती है मुश्किलें

## इंदौर हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश

**यूनिक समय, इंदौर।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और इंदौर भाजपा के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय की मुसीबत बढ़ सकती है। दरअसल, खरगोन जिले में 10 अप्रैल 2022 को रामनवमी पर हुई हिंसा के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। विजयवर्गीय ने इसे खरगोन का वीडियो बताते हुए अल्पसंख्यक वर्ग पर टिप्पणी भी की थी। इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता और इंदौर के नेता अमिनुल सूरी ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।



याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तिलक नगर पुलिस को 90 दिन में जांच कर मामला दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

कांग्रेस नेता डॉ. अमिनुल सूरी ने 16 अप्रैल 2022 को तिलक नगर थाने में पूरे मामले की शिकायत की थी।

उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा था कि कैलाश विजयवर्गीय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तेलंगाना के वीडियो को खरगोन का बताया और इसका जो कैप्शन दिया वह अल्पसंख्यकों को भड़काने व शांति भंग करने वाला है। सूरी की इस शिकायत के साल भर बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया, तो उन्होंने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका की सुनवाई के दौरान इंदौर हाईकोर्ट ने पुलिस को 90 दिनों के अंदर जांच कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

संजय राउत का बड़ा दावा

## गिरफ्तारी के डर से देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना में फूट डाली

**यूनिक समय, मुंबई।** संजय राउत ने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लोकसभा चुनाव में हार जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई सरकार भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ मामलों की जांच करेगी, जिन्हें फिलहाल बंद किया जा चुका है।

उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा।



उन्होंने दावा किया कि कथित फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तारी के डर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने शिवसेना में फूट डाल दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लोकसभा चुनाव में हार जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई सरकार भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ मामलों की जांच करेगी, जिन्हें बंद किया जा चुका है।

राउत ने कहा कि जब 2019-2022 तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सत्ता में थी, तब भाजपा नेताओं प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, आशीष शेलार, गिरीश महाजन के खिलाफ विभिन्न मामलों में जांच चल रही थी।

# मलेशिया में सेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मलेशिया में नेवल बेस के पास बड़ा हादसा हुआ है। मई में होने वाले समारोह के लिए रिहर्सल कर रहे रॉयल मलेशिया नेवी के दो हेलीकॉप्टर हवा में टकरा गए। इस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई। मलेशियाई नेवी ने बताया कि रॉयल मलेशियन नेवी परेड की रिहर्सल के दौरान यह हादसा हुआ। मलेशियाई नेवी ने बताया कि मारे गए सभी लोग नेवी के क्रू मेंबर्स थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा मंगलवार सुबह 9.30 बजे पेराक में लुमुट नेवल बेस पर हुआ। एक हेलिकॉप्टर का रोटर दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। इसमें एक हेलिकॉप्टर रनिंग ट्रैक पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, दूसरा पास के एक स्विमिंग पूल में क्रैश हो गया।

सभी शवों को लुमुट आर्मी बेस के अस्पताल भेजा गया है, जहां इनकी पहचान की जाएगी।

नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नेवल बेस पर ट्रेनिंग में हिस्सा ले रहे थे। नौसेना की 90वीं वर्षगांठ अगले महीने है। बयान के मुताबिक, "दोनों हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।" नौसेना ने बयान में बताया कि मृतकों की पहचान के लिए शव अस्पताल भेज दिए गए हैं।

नौसेना ने बताया कि समुद्री



हादसे में 10 क्रू मेंबर्स की मौत

अभियानों में इस्तेमाल होने वाले हेलीकॉप्टर एडब्ल्यू139 में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस हेलीकॉप्टर को अगस्तावेस्टलैंड ने बनाया था, जो इटली के रक्षा ठेकेदार लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। बयान के मुताबिक, दूसरे हेलीकॉप्टर में चालक दल के तीन सदस्य सवार थे और ये एक हल्का फेनेक हेलीकॉप्टर था, जो एयरबस द्वारा निर्मित था। स्थानीय मीडिया की खबर के मुताबिक, एडब्ल्यू 139 नौसैना अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जबकि फेनेक पास के एक तरणताल से टकराया। नौसेना के मुताबिक, दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए एक जांच की जाएगी।

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर फिर बढ़ी सुनवाई की तारीख

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर फिर सुनवाई टल गई है। ईडी ने अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए एक बार फिर कोर्ट से समय मांगा है। सोरेन ने गिरफ्तारी के ढाई महीने बाद पहली बार जमानत याचिका दाखिल की है।

जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने जमानत याचिका पर अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए एक बार फिर अदालत से वक्त मांग लिया है। सोरेन की याचिका पर एक बार फिर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ने ईडी ने जवाब देने के लिए दो हफ्ते के समय की मांग की।

हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने ईडी को एक हफ्ते का समय देते हुए 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। रांची के बड़गाईं अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने



ईडी ने कोर्ट से मांगा समय

31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

ईडी ने मामले में 30 मार्च को अदालत में हेमंत सोरेन के अलावा जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, हेमंत सोरेन के करीबी विनोद कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ चार्जशीट भी फाइल की है। इसमें बताया गया है कि हेमंत सोरेन ने न सिर्फ गैर-कानूनी तरीके से जमीन हासिल की, बल्कि जांच शुरू होने पर साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश की। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के ढाई महीने बाद पहली बार जमानत की याचिका दाखिल की है, जिस पर इसके पहले 16 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो. 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053